जयपुर,सीकर, झुंझुनूं, चूरू,नागौर एवं अलवर से एक साथ प्रकाशित

दैनिक

# जयपुर टाइम्स

नई सोच नई रफ्तार

n वर्ष : 11 अंक : 111 ■ डाक पंजीयन संख्या : जयपुर सिटी / 007/2017-19 जयपुर, सोमवार 11 मई, 2026 ■ RNI.No.RAJHIN/2016/70162

# भजन लाल शर्मा ने कई केंद्रीय मंत्रियों और नितिन नवीन से की मुलाकात : कई बड़े प्रोजेक्ट को लेकर मंथन, प्रदेश के विकास को तेजी से आगे बढ़ाने के प्रयास

**रविवार को दिल्ली में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन राष्ट्रीय महासचिव बी. एल.संतोष के अलावा केंद्रीय मंत्री सीआर पाटील, मनोहर लाल खट्टर सहित कई अन्य मंत्रियों और संगठन से जुड़े नेताओं से की मुलाकात, प्रदेश में सौर ऊर्जा, हरित ऊर्जा और नगरीय विकास को मजबूती प्रदान करने तथा विभिन्न जल परियोजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर दिल्ली में संबंधित मंत्रियों के साथ की गहन मंत्रणा**

जयपुर टाइम्स







**जयपुर(कासं.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रविवार को छुट्टी के दिन भी सरकारी कार्यक्रमों में व्यस्त रहे, मुख्यमंत्री शर्मा ने रविवार को दिल्ली में कई केंद्रीय मंत्रियों से मुलाकात करके प्रदेश के विकास को पंख लगाने के लिए अपनी पूरी ताकत झोंक दी है तो दूसरी तरफ उन्होंने पार्टी के संगठन को मजबूती प्रदान करने के संदर्भ में भी दिल्ली दौरे के दौरान भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन और राष्ट्रीय महासचिव बी.एल.संतोष तथा पार्टी के संगठन से जुड़े कई बड़े नेताओं से मुलाकात की, दिल्ली में मुख्यमंत्री शर्मा ने केंद्रीय जल शक्ति मंत्री एस आर पाटिल से काफी देर तक प्रदेश में संपादित हो रही विभिन्न बड़ी-बड़ी जल परियोजनाओं को लेकर विस्तार से बातचीत की। जल परियोजनाओं के क्रियान्वयन के बारे में केंद्रीय मंत्री को पूरा फीडबैक दिया और आने वाले दिनों में इन जल परियोजनाओं को लेकर कामकाज की प्रगति और तरीकों के बारे में भी केंद्रीय मंत्री को अवगत करवाया तथा वित्तीय आवश्यकताओं के बारे में भी प्रभावी तरीके से राजस्थान का पक्ष रखा, केंद्रीय मंत्री सीआर पाटील से मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री शर्मा ने रामसेतु लिंक जल परियोजना से संबंधित हो रहे सभी तरह के निर्माण कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी और विभिन्न निर्माण कार्यों के कंप्लीट होने की अवधि और वित्तीय आवश्यकताओं के बारे में भी केंद्रीय मंत्री को अवगत करवाया । इसके अलावा यमुना जल समझौते को लेकर बनाई गई डीपीआर की प्रक्रिया रिपोर्ट के बारे में भी पाटिल को जानकारी प्रदान की और इस योजना पर जल्दी से जल्दी कार्य शुरू करने के लिए केंद्रीय मंत्री से पुरजोर अपील की इसके अलावा प्रदेश के विभिन्न जिलों में संपादित की जा रही हर घर जल और हर घर नल योजना को लेकर भी पूरा फीडबैक दिया तथा विभिन्न जिलों में संपादित की जा रही विभिन्न जल परियोजनाओं के क्रियान्वयन की प्रक्रिया रिपोर्ट केंद्रीय मंत्री के समक्ष प्रस्तुत करके इन योजनाओं के लिए प्रभावी तरीके से वित्तीय आवश्यकताओं के बारे में भी तथात्मक और प्रभावी तरीके से राजस्थान का पक्ष रखा बातचीत के दौरान केंद्रीय मंत्री पाटिल ने मुख्यमंत्री शर्मा की ओर से विभिन्न जल परियोजनाओं को लेकर प्रस्तुत की गई प्रक्रिया रिपोर्ट को लेकर प्रसन्नता जाहिर की और इन सभी योजनाओं के सफल क्रियान्वयन के लिए केंद्र सरकार का पूरी तरह से सहयोग देने का भी भरोसा दिलाया । केंद्रीय मंत्री सीआर पाटील से बातचीत के दौरान मुख्यमंत्री शर्मा ने जल जीवन मिशन योजना के ईमानदारी से क्रियान्वयन को लेकर इस योजना से जुड़ी हर प्रक्रिया के बारे में जानकारी शेयर की तथा इस महत्वपूर्ण योजना में पिछली सरकार के हुई गड़बड़ी और घोटाले के बारे में पुलिस की जांच प्रक्रिया के बारे में भी जानकारी दी और केंद्रीय मंत्री को भरोसा दिलाया कि इस योजना में अब सरकार पूरी गंभीरता और ईमानदारी के साथ कार्य कर रही है इस योजना के क्रियान्वयन के लिए अधिकारियों और कर्मचारियों की जिम्मेदारी प्रभावित तरीके से सुनिश्चित की गई है और सरकार उच्च स्तर पर इस पूरी योजना पर कड़ी निगरानी रख रही है।

## भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन और महासचिव बी.एल.संतोष से की मुलाकात

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने दिल्ली दौरे के दौरान रविवार को भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन से मुलाकात की और पश्चिम बंगाल असम और एक अन्य राज्य में भारतीय जनता पार्टी को मिली सफलता के लिए नितिन नवीन को शुभकामनाएं प्रेषित की नितिन नवीन ने भी पश्चिम बंगाल और असम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की ओर से किए गए शानदार प्रचार प्रचार के लिए उन्हें बधाई दी क्योंकि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पश्चिम बंगाल और असम में चुनाव प्रचार के दौरान जिन-जिन विधानसभा क्षेत्र में प्रचार किया था उन सभी विधानसभा क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी को शानदार सफलता मिली है इसलिए मुख्यमंत्री शर्मा के चुनाव प्रचार की तारीफ पश्चिम बंगाल और असम के राजनीतिक गलियारों में ही नहीं हो रही बल्कि भाजपा के दिल्ली दरबार में भी मुख्यमंत्री शर्मा के प्रचार प्रसार की खूब तारीफ हो रही है । मुख्यमंत्री शर्मा ने राजस्थान बीजेपी के संगठन से जुड़ी गतिविधियों के बारे में भी राष्ट्रीय अध्यक्ष के साथ जानकारी शेयर की राजस्थान में सत्ता और संगठन के बीच बेहतर तालमेल और समन्वय इसके अलावा राजस्थान में राजस्थान भाजपा कार्यालय में आयोजित किया जा रहे हैं ।मंत्री दरबार तथा राजस्थान सरकार की ओर से राजस्थान में प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में शुरू की गई ग्रामीण विकास रथ यात्रा को लेकर भी राष्ट्रीय अध्यक्ष के साथ बातचीत की और बताया कि इस रथ यात्रा में पार्टी के संगठन से जुड़े लोगों जनप्रतिनिधियों सभी का सहयोग लिया जा रहा है। नितिन नवीन ने बातचीत के दौरान राजस्थान में सत्ता और संगठन के बीच बेहतर समन्वय और सामंजस्य को लेकर प्रसन्नता व्यक्त की और इसी तरह से सत्ता और संगठन को आगे भी साथ-साथ काम करने के लिए कहा मुख्यमंत्री शर्मा ने राजस्थान में होने वाले नगर निकाय और पंचायत राज चुनाव के परिदृश्य को लेकर भी राष्ट्रीय अध्यक्ष से बातचीत की।

## भजनलाल शर्मा ने केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर से भी की मुलाकात, सौर ऊर्जा हरित ऊर्जा और नगरीय विकास के ढांचे को लेकर की चर्चा

दिल्ली दौरे के दौरान मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने केंद्रीय ऊर्जा और शहरी आवास मंत्री मनोहर लाल खट्टर से भी मुलाकात की मुलाकात के दौरान प्रदेश में सौर ऊर्जा के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। सौर ऊर्जा के उत्पादन और सौर ऊर्जा के क्षेत्र में की जा रही निवेश की संभावनाओं के बारे में भी केंद्रीय मंत्री से विस्तार से चर्चा की । हालांकि सौर ऊर्जा उत्पादन के क्षेत्र में राजस्थान पूरे देश में पहले नंबर पर है इसलिए सौर ऊर्जा के क्षेत्र में राजस्थान सरकार के परफॉर्मेंस को लेकर मोदी सरकार पहले से ही काफी प्रभावित है इसलिए मुलाकात के दौरान मनोहर लाल खट्टर ने सौर ऊर्जा के क्षेत्र में प्रदेश के प्रदर्शन और उपलब्धि को लेकर मुख्यमंत्री शर्मा को बधाई प्रेषित की । बातचीत के दौरान मुख्यमंत्री शर्मा ने केंद्रीय मंत्री को यह भी जानकारी दी कि इस क्षेत्र में प्रदेश सरकार किसान वर्ग को प्रभावी रूप से जोड़ने के लिए अथक प्रयास कर रही है जिसकी वजह से प्रदेश के किस बड़ी संख्या में सौर ऊर्जा का उत्पादन करने लगे हैं इसके अलावा सौर ऊर्जा उत्पादन के लिए प्रदेश के लोगों को भी प्रेरित किया जा रहा है जिसके अच्छे नतीजे सामने आ रहे हैं । मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री शर्मा ने जयपुर ,अजमेर ,उदयपुर इत्यादि शहरों में स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत संपादित हो रहे विभिन्न तरह के निर्माण कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी और आने वाले दिनों में प्रदेश में नगरीय विकास के विस्तार और मजबूती के लिए राजस्थान सरकार की ओर से तैयार की गई कार्य योजना और रणनीति के बारे में भी केंद्रीय मंत्री को अवगत करवाया ।इसके अलावा इन योजनाओं की वित्तीय आवश्यकताओं के बारे में भी प्रभावी तरीके से मुख्यमंत्री शर्मा ने अपना पक्ष रखा । बातचीत के दौरान जयपुर में मेट्रो ट्रेन के दूसरे चरण के कार्य को जल्दी से जल्दी शुरू करने के लिए प्रदेश सरकार की ओर से की जा रही तैयारी और दूसरे चरण की डीपीआर के बारे में भी केंद्रीय मंत्री को विस्तार से जानकारी दी तथा इस योजना के लिए राजस्थान सरकार की ओर से बजट में किए गए प्रावधानों के अलावा केंद्र सरकार से आर्थिक सहयोग के बारे में भी मुख्यमंत्री शर्मा ने प्रभावी और तथ्यात्मक तरीके से अपना पक्ष रखा बातचीत के दौरान केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने मुख्यमंत्री शर्मा कोउनके अच्छे कार्यों और प्रभावी मॉनिटरिंग के लिए धन्यवाद भी प्रेषित किया ।

# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का रात्रि चौपाल कार्यक्रम का सिलसिला जारी, जीत रहे लोगों का दिल

जयपुर टाइम्स




**जयपुर(कासं.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा प्रदेश के छोटे-छोटे गांव में अपने रात्रि चौपाल कार्यक्रमों और गांव में ही रात्रि विश्राम तथा मॉर्निंग वॉक कार्यक्रमों को लेकर प्रदेश की जनता में काफी पॉप्युलर हो गए हैं ।इन कार्यक्रमों को लेकर मुख्यमंत्री शर्मा राजस्थान में ही नहीं बल्कि पूरे देश में चर्चा का केंद्र बिंदु बने हुए हैं क्योंकि जिस तरह से भी एक के बाद एक प्रदेश के अलग-अलग गांव में जाकर महिलाएं युवा मजदूर किसान इत्यादि से रात्रि में गांव की चौपाल पर ही ठेठ ग्रामीण अंदाज में लोगों से बातचीत कर रहे हैं और उनकी समस्याओं का समाधान करने के साथ-साथ उनसे ग्रामीण विकास खेती और कृषि के कल्याण और विकास के लिए सुझाव ले रहे हैं । सरकार और कैसे अच्छे तरीके से कार्य कर सके इसके लिए लोगों की सलाह ले रहे हैं साथ-साथ केंद्र के मोदी सरकार और राजस्थान सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में लोगों से विस्तार से चर्चा करके उनसे इन योजनाओं के बारे में फीडबैक ले रहे हैं इन सब से मुख्यमंत्री शर्मा प्रदेश की जनता के लोगों के दिलों के और करीब आ गए हैं क्योंकि बातचीत के दौरान उनका सरल सहज स्वभाव और ग्रामीण अंदाज में ही ग्रामीण भाषा में ही उनका बातचीत करने का तरीका ग्रामीण लोगों को खूब पसंद आ रहा है और ग्रामीण भी खुलकर रात्रि संवाद में मुख्यमंत्री शर्मा के साथ अपने विचार शेयर कर रहे हैं उनसे एक तरफ जहां राजस्थान सरकार को आने वाले दिनों में जनकल्याणकारी योजनाएं तैयार करने में काफी मदद मिलेगी तो दूसरी तरफ मुख्यमंत्री शर्मा के इन रात्रि चौपाल के कार्यक्रमों से प्रदेश के छोटे-बड़े सभी अधिकारियों और कर्मचारियों में भी सक्रियता और ज्यादा बढ़ गई है क्योंकि अधिकारियों और कर्मचारियों को यह लगने लगा है कि मुख्यमंत्री शर्मा सीधे तौर पर ग्रामीणों से बातचीत करके योजनाओं की फीडबैक ले रहे हैं तो जानकार अधिकारी और कर्मचारी अपनी ड्यूटी और जिम्मेदारी को लेकर और भी गंभीर और सजक हो गए हैं जिसका सीधा फायदा आने वाले दिनों में प्रदेश के लोगों को भी मिलेगा। पिछले कुछ दिनों में ही मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पहले बंबोरी फिर जाजोद और अब अजमेर जिले के पुष्कर विधानसभा क्षेत्र के कुडेल गांव में रात्रि चौपाल का आयोजन कर रहे हैं जो निश्चित रूप से प्रदेश की जनता को सत्ता और संगठन के और करीब लाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रहा है, जानकार लोगों का कहना है कि यह पहला मौका है जब देश का कोई मुख्यमंत्री इस तरह से गांव-गांव जाकर गांव में ही रात्रि चौपाल का आयोजन कर रहा है और फिर गांव में ही भोजन, रात्रि विश्राम और मॉर्निंग वॉक करते नजर आ रहा है यह निश्चित रूप से देश के अन्य राज्यों के मुख्यमंत्री के लिए प्रेरणादाई हो सकता है जानकार लोगों का कहना है कि मुख्यमंत्री शर्मा खुद भरतपुर जिले के नदबई के छोटे से गांव के रहने वाले हैं और इनका बचपन और युवा अवस्था ग्रामीणों के बीच की बीती है, मुख्यमंत्री शर्मा खुद ग्राम पंचायत के सरपंच भी रहे हैं खेती भी की हैं पशुपालन भी किया है और दूध का कारोबार भी किया है इसलिए ग्रामीण क्षेत्र की समस्याओं और कृषक की समस्याओं को बारीकी से समझते हैं तो दूसरी तरफ ग्रामीण क्षेत्र की विकास से जुड़ी समस्याओं को भी अच्छी तरह से जानते हैं इसीलिए अब वह गांव-गांव जाकर गांव के हालातो की सूरत और सीरत बदलने का प्रयास कर रहे हैं ।

# साहस और शक्ति की विरासत ही हमारी सबसे बड़ी ताकत'; बंगलूरू में पीएम मोदी ने गिनाई भाजपा की उपलब्धियां

जयपुर टाइम्स



**बंगलूरू (कासं.)**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को बंगलूरू में एक विशाल जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि आज बंगलूरू की धरती से भगवा सूरज उग आया है। एक भाजपा कार्यकर्ता के तौर पर, मैं समझता हूं कि जब हजारों भाजपा कार्यकर्ता इतनी सुबह एक साथ आ सकते हैं, तो इसका क्या मतलब होता है। मैं आप सभी का आभारी हूं। बंगाल की जीत आपकी भी जीत है। पीएम मोदी ने कहा, 'आज 10 मई की ऐतिहासिक तारीख है। 1857 में आज के ही दिन स्वतंत्रता संग्राम की पहली चिंगारी फूटी थी। समय के साथ ये चिंगारी एक बड़ी ज्वाला में बदल गई, जिसने गुलामी की बेड़ियों को जलाकर भस्म कर दिया।' उन्होंने कहा कि साहस और शक्ति की विरासत ही हमारी सबसे बड़ी ताकत है। इसी भावना से प्रेरित होकर, तीन दिन पहले हमने 'ऑपरेशन सिंदूर' की पहली वर्षगांठ मनाई। कल सुबह, 11 तारीख को, मैं गुजरात के सोमनाथ में रहूंगा, जहां मंदिर के पुनर्निर्माण का उत्सव मनाया जाएगा। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि आज मैं ऐसे समय में बंगलूरू आया हूं, जब देश में चुनाव परिणामों पर चर्चा चल रही है। पुडुचेरी में लगातार दूसरी बार एनडीए की सरकार बनना, असम में लगातार तीसरी बार एनडीए की सरकार बनना, बंगाल में पहली बार भाजपा को इतना बड़ा आशीर्वाद मिलना और अभी-अभी 2 सप्ताह पहले गुजरात के पंचायत और निकाय चुनाव में इतनी भारी विजय मिली कि गुजरात भाजपा ने सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए। ये चुनाव परिणाम भारत की राजनीतिक दशा-दिशा के लिए महत्वपूर्ण हैं। ये भारत के नौजवानों, महिलाओं, किसानों, गरीबों और मध्यम वर्ग, हर वर्ग का मूड दर्शाते हैं। इन परिणामों का एक बहुत बड़ा संदेश ये भी है कि अस्थिरता में घिरी इस दुनिया में भारत की जनता स्थिरता का मंत्र दे रही है। उन्होंने कहा कि भारत की जनता कह रही है कि हमें स्पीड चाहिए। हमें स्कैम नहीं समाधान चाहिए। हमें राष्ट्र नीति वाली राजनीति चाहिए। आज पूरा देश भाजपा की राष्ट्र नीति के साथ कदम से कदम मिलाकर चल रहा है। प्रधानमंत्री ने आगे कहा, आपको याद होगा कि सिर्फ 10 साल पहले बंगाल में हमारे सिर्फ 3 एमएलए थे। लेकिन आज वहां 200 से भी अधिक विधायकों के साथ भाजपा की सरकार है। अभी केरलम में भी हम 1 से 3 एमएलए पर पहुंच गए हैं। अब वो दिन दूर नहीं, जब केरलम में भी भाजपा-एनडीए की संख्या 3 से बढ़कर बहुमत के आंकड़े को पार कर जाएगी। पीएम मोदी ने कहा कि हम 12 साल से केंद्र में हैं, देश के 21 से ज्यादा प्रदेशों में भाजपा-एनडीए की सरकारें हैं। हम राज्य के विकास से देश के विकास का मंत्र लेकर काम कर रहे हैं।



अलवर जयपुर टाइम्स

जयपुर, सोमवार
11 मई, 2026

# अलवर संसदीय क्षेत्र के 10 हजार करोड रूपये से अधिक के इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स एवं विकास कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित

### इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स, बजट घोषणाओं एवं विकास कार्यों को निर्धारित समय सीमा में धरातल पर उतारे - केंद्रीय वन मंत्री यादव

### अलवर में इंफ्रास्ट्रक्चर एवं पर्यटन की असीम संभावनाएं, 10 हजार करोड़ रूपये से अधिक के कार्यों से क्षेत्र के विकास को मिलेगी गति - मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव एवं मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने रविवार को मिनी सचिवालय स्थित कलक्ट्रेट सभागार में लोकसभा क्षेत्र अलवर में अलवर, खैरथल-तिजारा व कोटपूतली जिले के करीब 10 हजार करोड़ रूपये के डेवलपमेंट प्रोजेक्ट की विस्तृत चर्चा एवं समीक्षा की एवं विकास कार्यों को टाइमलाइन के अनुरूप पूर्ण करने पर हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान वन राज्यमंत्री संजय शर्मा, विधायक महन्त बालकनाथ एवं सुखवंत सिंह, स्वायत शासन विभाग के प्रमुख शासन सचिव रवि जैन मौजूद रहे।

### रोड इंफ्रास्ट्रक्चर की मजबूती से मिलेगी विकास को गति

केंद्रीय वन मंत्री भूपेंद्र यादव ने अलवर लोकसभा




क्षेत्र के चहुंमखी विकास के लिए करीब 10 हजार करोड रुपए से अधिक की लागत के महत्वपूर्ण इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स, बजट घोषणाओं एवं विकास कार्यों की प्रगति की बिंदुवार समीक्षा कर इन्हें आवश्यक प्रशासनिक प्रक्रिया पूर्ण कर निर्धारित समयसीमा में पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने निर्देश दिये कि क्षेत्र में सड़क तंत्र की मजबूती के लिए स्वीकृत, प्रगतिरतएवं अन्य प्रोजेक्ट्स कार्यों को प्राथमिकता से आवश्यक प्रक्रिया पूर्ण कर धरातल पर उतारे। उन्होंने रेलवे संबंधी कार्यों यथा रीजनल रेपिड ट्रांजिट सिस्टम एवं अलवर रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास कार्यों, रोडवेज से संबंधित अलवर शहर में हनुमान सर्किल एवं मुण्डावर व बहरोड में आधुनिकतम बस स्टैण्ड निर्माण, 50 ई-बस संचालन तथा विमानन क्षेत्र में एनसीआरपीबी प्लान 2041 के तहत किशनगढबास के नजदीक चिन्हित भूमि पर एयर स्ट्रीप एवं एमओआर के निर्माण के कार्यों को गति देने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

### पेयजल प्रोजेक्ट को समयबद्ध शुरू करने पर जोर, औद्योगिक विकास पर बल

केंद्रीय वन मंत्री यादव ने संसदीय क्षेत्र में पेयजल समस्या के निराकरण हेतु महत्वपूर्ण जल परियोजनाओं जिनमें रामजल सेतु प्रोजेक्ट के तहत डढीकर एवं नीमराना में रिजर्व वायर निर्माण, अलवर-भरतपुर चंबल मेगा पेयजल प्रोजेक्ट, यमुना लिंक प्रोजेक्ट, राणाप्रताप सागर-बीसलपुर वाटर लिंक प्रोजेक्ट तथा रूपारेल नदी पुनरूद्धार, अलवर शहर एवं मुण्डावर में पेयजल आपूर्ति के कार्यों में की प्रगति के संबंध में फीडबैक लेकर इन कार्यों को गति प्रदान करने के निर्देश दिये। इसके अतिरिक्त संसदीय क्षेत्र की आर्थिक वृद्धि के लिए नवीन औद्योगिक क्षेत्र जिसमें अलवर में रामगढ़, खैरथल-तिजारा एवं खुशखेडा-भिवाड़ी-नीमराना इन्वेस्टमेंट रीजन में आवश्यक प्रक्रिया पूर्ण कर औद्योगिक गतिविधियों को गति देने के निर्देश दिये।

### प्रोजेक्ट्स को धरातल पर उतारने के लिए प्रभावी मॉनिटरिंग पर दिया बल

मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने कहा कि अलवर में इंफ्रास्ट्रक्चर एवं पर्यटन विकास की असीम संभावनाएं हैं, जिसके लिए 10 हजार करोड़ रूपये से अधिक के प्रोजेक्ट एवं बजट घोषणाओं को समयबद्धता से धरातल पर उतारने के लिए निरन्तर समीक्षा के साथ-साथ केंद्र सरकार एवं हितधारक राज्यों के साथ समन्वय स्थापित कर कार्यों को गति दी जा रही है। उन्होंने जिला कलक्टरों को निर्देशित किया कि विकास कार्यों की समयबद्ध क्रियान्विति के लिए साप्ताहिक आधार पर समीक्षा की जाए एवं राज्य से संबंधित विषय के लिए उच्च स्तर पर अवगत कराया जाए। उन्होंने कहा कि 15 मई को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा अलवर में ग्राम रथ अभियान के तहत संध्या चौपाल में शिरकत करेंगे तथा अलवर व भिवाडी में विकास कार्यों का उद्घाटन एवं शिलान्यास करेंगे। इसके लिए सभी आवश्यक तैयारियां निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करें। उन्होंने स्वच्छता के विभिन्न पैरामीटर्स पर किए जा रहे कार्यों की समीक्षा कर जिला कलक्टर को निर्देशित किया कि डोर टू डोर कलेक्शन, स्कूल-कॉलेजों में स्वच्छता जागरूकता गतिविधियां एवं मेकेनाइज्ड क्लीनिंग पर विशेष फोकस करें, जिससे अलवर की स्वच्छता के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन के साथ रैंकिंग में सुधार हो सके। उन्होंने पुलिस अधीक्षकों से कानून व्यवस्था की समीक्षा कर निर्देशित किया कि जिले में बेहतर कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु प्रो-एक्टिव रहकर कार्य करें।

स्वायत शासन विभाग के प्रमुख शासन सचिव रवि जैन ने अलवर एवं भिवाडी में इंटीग्रेटेड म्यूनसिपल सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लान के लिए विस्तृत प्रजेंटेशन दिया, जिसमें स्वच्छता के क्षेत्र में सुधार के लिए भविष्य की प्लानिंग के तहत एण्ड टू एण्ड वेस्ट मैनेजमेंट, शत-प्रतिशत डोर टू डोर वेस्ट कलेक्शन, विजेबल क्लीननेस इत्यादि के संबंध में अवगत कराते हुए सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लान को यथाशीघ्र लागू कराने के लिए आश्वस्त किया। बैठक में राजस्थान इंस्टीट्यूट फोर ट्रांसफोरमेशन एण्ड इनोवेशन के लिए मुख्य कार्यकारी अधिकारी सतेन्द्र कुमार ने मुख्यमंत्री विकसित ग्राम एवं शहरी वार्ड अभियान की प्रगति पर विस्तृत प्रजेंटेशन देकर प्रत्येक ग्राम पंचायत एवं वार्ड के लिए बनने वाले मास्टर प्लान की रूपरेखा से अवगत कराया।

जिला कलक्टर अलवर डॉ. आर्तिका शुक्ला, जिला कलक्टर खैरथल-तिजारा अतुल प्रकाश एवं जिला कलक्टर कोटपूतली-बहरोड अपर्णा गुप्ता ने बैठक में दिए गए निर्देशों की अक्षरशः पालना सुनिश्चित कराने का विश्वास दिलाया।

बैठक में तिजारा विधायक महन्त बालकनाथ, रामगढ विधायक सुखवंत सिंह, जिला प्रमुख बलबीर सिंह छिल्लर, जिला कलक्टर अलवर डॉ. आर्तिका शुक्ला, जिला कलक्टर खैरथल-तिजारा अतुल प्रकाश, जिला कलक्टर कोटपूतली-बहरोड अपर्णा गुप्ता, पुलिस अधीक्षक अलवर सुधीर चौधरी, पुलिस अधीक्षक खैरथल-तिजारा ब्रजेश ज्योति उपाध्याय, पुलिस अधीक्षक कोटपूतली-बहरोड सतवीर सिंह, एडीएम द्वितीय योगेश डागुर, स्वच्छ भारत मिशन शहरी के निदेशक प्रतीक जुईकर, यूआईटी सचिव धाईगुडे स्नेहल नाना, जिला परिषद के सीईओ सालुखे गौरव रवीन्द्र, जिलाध्यक्ष अशोक गुप्ता व महासिंह चौधरी, डीएफओ अलवर राजेन्द्र हुड्डा, नगर निगम आयुक्त सोहन सिंह नरूका सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### पर्यटन को अलवर की ताकत बनाने पर मंथन, चिकित्सा, शिक्षा, खेल एवं डेयरी का होगा विकास

उन्होंने पर्यटन के विकास के लिए बाबा भर्तृहरि नाटक मंचन को नाइट ट्यूरिज्म से जोड़ने, गरबा जी एवं लालदास महाराज मंदिर के विकास सहित अन्य धार्मिक स्थानों के विकास, बाबा मोहनराम मंदिर कॉरिडोर विकास, भूरासिंद्ध महाराज क्षेत्र के विकास, ट्यूरिस्ट सर्किट के रूप में कांकवाडी, कुशालगढ-टहला, प्रतापगढ, अजबगढ़, नीमराना एवं तिजारा फोर्ट का विकास एवं पर्यटन क्षेत्र में प्रशिक्षण के लिए होटल मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट के संचालन इत्यादि कार्यों की प्लानिंग कर पूर्ण कराने के निर्देश दिये। वहीं उन्होंने स्वास्थ्य क्षेत्र में अलवर मेडिकल कॉलेज, जिला चिकित्सालय की बैड क्षमताओं में वृद्धि, शिवाजी पार्क पीएचसी क्रमोन्नयन, उप जिला अस्पताल रामगढ़ एवं जिला चिकित्सालय में शिशुवार्ड के अपग्रेडेशन कार्य, भिवाड़ी में राजकीय अस्पताल व क्रिटिकल केयर ब्लॉक तथा ईएसआईसी हॉस्पिटल नीमराना के कार्यों की प्रगति का फीडबैक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। इसी प्रकार शिक्षा के उन्नयन हेतु राजगढ, बहरोड व खैरथल में केंद्रीय विद्यालय, हल्दीना में सैनिक स्कूल, मत्स्य विश्वविद्यालय में 10 नई स्ट्रीम, आईटीआई में मेकेनिकल इलेक्ट्रिकल व्हीकल ट्रेड, प्रत्येक सीएलएफ में एसएचजी की स्थापना कराने के निर्देश दिये। इसके अतिरिक्त विलेज डवलपमेंट के लिए संसदीय क्षेत्र के गांवों में ई-लाइब्रेरी के साथ-साथ डेयरी बूथ, कॉपरेटिव सोसायटी, एफपीओ एवं सीएलएफ सेंटर का निर्माण करावे। साथ ही खेल सुविधाओं के विस्तार के लिए खैरथल में कुश्ती एकेडमी, इंदिरा गांधी स्टेडियम में सिंथेटिक ट्रेक एवं हॉकी एस्ट्रोट्रफ मैदान, डीएमएफडी योजना से स्टेडियम निर्माण, भिवाडी स्टेडियम निर्माण कार्यों का फीडबैक लेकर इन्हें गति देने के निर्देश दिये। वहीं डेयरी क्षेत्र के विकास के लिए नवीन दुग्ध प्लांट की स्थापना के लिए आवश्यक प्रक्रिया पूर्ण कर प्लांट को यथाशीघ्र चालू कराने के निर्देश दिये। वन राज्यमंत्री संजय शर्मा ने बैठक में अलवर बस स्टैण्ड निर्माण कार्य की प्रगति, शहर में शिवाजी पार्क एवं रूपबास पीएचसी के क्रमोन्नयन, शिशु चिकित्सालय उन्नयन इत्यादि कार्यों को यथाशीघ्र पूर्ण कराने के लिए अवगत कराते हुए अपने सुझाव साझा किए।

## सरिस्का में धर्म सिंह बने अप्रैल माह के सर्वश्रेष्ठ गश्ती कार्मिक

### 297 किलोमीटर पैदल गश्त कर वन्यजीव संरक्षण में निभाई अहम भूमिका

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** सरिस्का टाइगर रिजर्व द्वारा वन्यजीव संरक्षण, संवर्धन गतिविधियों तथा रिजर्व क्षेत्र में पैदल गश्त (फुट पेट्रोलिंग) को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से अपने गश्ती कार्मिकों को प्रतिमाह प्रोत्साहित एवं सम्मानित किया जाता है। इसी क्रम में संरक्षण संबंधी दायित्वों के प्रति उत्कृष्ट समर्पण एवं प्रभावी फुट पेट्रोलिंग कार्यों के आधार पर धर्म सिंह, सहायक वनपाल, सरिस्का रेंज को अप्रैल 2026 माह के लिए 'सर्वश्रेष्ठ गश्ती कार्मिक' के रूप में चयनित किया गया है। जानकारी के अनुसार धर्म सिंह ने माह के दौरान वन्यजीव संरक्षण एवं निगरानी गतिविधियों के अंतर्गत लगभग 297 किलोमीटर की पैदल गश्त कर उल्लेखनीय कार्य किया। उनकी सक्रियता एवं समर्पण से रिजर्व क्षेत्र में संरक्षण गतिविधियों को मजबूती मिली है। फील्ड डायरेक्टर, सरिस्का टाइगर रिजर्व द्वारा उन्हें उत्कृष्ट सेवाओं के लिए सम्मानित किया जाएगा।



## पश्चिम बंगाल में भाजपा की जीत अलवर सांसद की मेहनत और रणनीति का परिणाम है - बस्तीराम यादव



जयपुर टाइम्स

**बहरोड़।** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव की जीत के भूपेंद्र यादव केंद्रीय मंत्री एव पश्चिम बंगाल के प्रभारी राष्ट्रीय महासचिव के अलवर आवास पर भाजपा नेता बस्तीराम यादव बहरोड के नेतृत्व में सैकड़ो जनप्रतिनिधियों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं ने पहुंच कर भूपेंद्र यादव को साफा, शॉल एवं गुलदस्ता तथा मिठाइयां भेंट कर शुभकामनाओं सहित बधाई दी। सांसद ने सभी कार्यकर्ताओं द्वारा दी गई शुभकामनाओं एवं बधाई सहृदयता से स्वीकार कर धन्यवाद किया। इस अवसर पर भाजपा नेता डॉ मोहित यादव, तथा सरपंचगण सर्वश्री सोताज सिंह, ओम प्रकाश यादव, जोगेंद्र यादव, कपिल यादव, कंवर सिंह यादव, बेनी प्रसाद जोशी, अभय सिंह यादव, डॉ जयपाल, प्रो विक्रम सिंह यादव, पंडित वेद शर्मा, सज्जन यादव, मनोज यादव एडवोकेट, राधेश्याम बोहरा, वीर सिंह उप सरपंच, वेदकृष्णा, उदयसिंह यादव, मनोज जांगिड़, रामफ़ल गुर्जर, नरेश यादव, दयाराम कांकर, बिल्लू यादव, सतीश यादव,जसवंत सिंह, संदीप चौधरी, पंचायत समिति सदस्य सुनील यादव, अशोक यादव, देवदत्त यादव, सुरेंद्र यादव, पार्षद रमेश यादव, राजेंद्र प्रसाद नैनसुख, आर डी दोचनिया एडवोकेट, हवा सिंह ठेकेदार, रोहतास मेघवाल पार्षद, सुभाष गुर्जर, रोहतास गुर्जर, दयाराम गुर्जर, पप्पू हमीदपुर,अशोक यादव पर्यावरण विद्, संजय आर्य, दीपक यादव, छात्र नेता करनेल सिंह, सुनील यादव, सहित सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद थे ।

## भारत विकास परिषद अरावली का बाल संस्कार शिविर सम्पन्न




### बच्चों को संस्कार, अनुशासन, सेवा भावना एवं टीम वर्क की दी सीख

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** भारत विकास परिषद की अरावली शाखा द्वारा आयोजित बाल संस्कार शिविर का समापन हर्षोल्लास एवं प्रेरणादायी वातावरण में सम्पन्न हुआ। 'देश हमें देता है सब कुछ, हम भी तो कुछ देना सीखें' की भावना के साथ आयोजित इस शिविर में बच्चों को संस्कार, अनुशासन, राष्ट्रभक्ति एवं सामाजिक सरोकारों की प्रेरणा दी गई।

3 मई से प्रारंभ हुए शिविर में बच्चों को हनुमान चालीसा पाठ के लिए प्रेरित करने के साथ आपातकालीन परिस्थितियों में सुरक्षित रहने के उपाय बताए गए। बच्चों को 'माँ' को समर्पित कार्ड बनाकर स्नेह व्यक्त करना, ओम शब्द का महत्व एवं सही उच्चारण, मिल-बांटकर खाने की आदत तथा टीम वर्क का महत्व भी समझाया गया। शिविर के दौरान बच्चों को खेल-खेल में अनुशासन, जीत का महत्व एवं हार की स्थिति में भी मुस्कुराते रहने की सीख दी गई। शिविर में बच्चों से सार्वजनिक गौशाला में चारा डलवाकर सेवा एवं संवेदनशीलता का संदेश भी दिया गया। 8 मई को शिविर का समापन किया गया। इस वर्ष का बाल संस्कार शिविर कार्यक्रम संयोजिका मंजू चौधरी के सानिध्य में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में सुमन अग्रवाल, कीर्ति भटनागर, साध्वी खंडेलवाल एवं योगिता डाटा ने बच्चों को विभिन्न विषयों पर मार्गदर्शन प्रदान किया। शिविर में सचिव अणिमा गुप्ता, प्रिया खंडेलवाल, सुनीता गुप्ता, सरिता, दीप्ति खंडेलवाल एवं वेणु अग्रवाल ने सक्रिय भूमिका निभाई। वहीं प्रांतीय उपाध्यक्ष सुनील खंडेलवाल, प्रांतीय संयोजक मधुर अग्रवाल, कोषाध्यक्ष सौरभ अग्रवाल सहित परिषद के अनेक पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने भी सहभागिता की। शिविर में करीब 40 बच्चों ने भाग लिया। समापन अवसर पर परिषद अध्यक्ष सीताराम गुप्ता ने सभी सहयोगियों, प्रतिभागियों एवं अभिभावकों का आभार व्यक्त किया। शिविर का आयोजन सार्वजनिक गौशाला, स्टेशन रोड, अलवर में किया गया।

## बंगाल में भाजपा की जीत सत्य, सनातन और प्रधानमंत्री के विजन की जीत - महंत बालकनाथ योगी

जयपुर टाइम्स



**अलवर(निसं.)।** तिजारा विधायक महंत बालकनाथ योगी ने रविवार को अलवर के हसन खां मेवात नगर स्थित बाबा मस्तनाथ जनसेवनम् भवन में आमजन एवं आगंतुकों से मुलाकात की। सुबह 8 बजे से 10 बजे तक आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम के दौरान उन्होंने मीडिया से बातचीत करते हुए पश्चिम बंगाल, असम एवं पुडुचेरी के चुनाव परिणामों पर प्रतिक्रिया दी। महंत बालकनाथ योगी ने कहा कि पश्चिम बंगाल में भाजपा और एनडीए गठबंधन की विजय सत्य, सनातन संस्कृति एवं देश के विकासवादी विजन की जीत है। उन्होंने कहा कि वर्षों तक कम्युनिस्ट एवं टीएमसी शासन में बंगाल की जनता ने अत्याचार और भय का वातावरण झेला। हिंदू सनातन परंपरा के लिए वह दौर किसी श्राप से कम नहीं था। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं और संघ के स्वयंसेवकों ने वर्षों तक कठिन परिश्रम करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकास एवं राष्ट्र उत्थान के संदेश को घर-घर तक पहुंचाया। इस संघर्ष में अनेक कार्यकर्ताओं ने अपने जीवन का बलिदान भी दिया। जनता ने अंततः ममता सरकार के अत्याचारों के विरुद्ध मतदान कर भाजपा को ऐतिहासिक विजय दिलाई। महंत बालकनाथ योगी ने कहा कि यह अलवर के लिए गर्व का विषय है कि अलवर सांसद एवं केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव पश्चिम बंगाल चुनाव के प्रभारी रहे। उन्होंने बूथ स्तर तक जाकर संगठन को मजबूत करने का कार्य किया और भाजपा की ऐतिहासिक जीत में उनकी भूमिका निर्णायक रही। उन्होंने कहा कि आज पश्चिम बंगाल की प्रत्येक विधानसभा में अलवर और यहां के नेतृत्व की चर्चा हो रही है, जो जिले के लिए सम्मान और गौरव की बात है।

## केंद्रीय वन मंत्री यादव ने साईकिल रैली को झंडी दिखाकर किया रवाना



### बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया नमन

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने मातृ दिवस के अवसर पर खंडेलवाल महिला मंडल द्वारा आयोजित साईकिल रैली को झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली अम्बेडकर सर्किल से अशोक सर्किल (नंगली) तक आयोजित हुई। केंद्रीय वन मंत्री यादव ने मातृ दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जननी माता की तरह धरती माता हमारा पालन-पोषण करती है। उन्होंने कहा कि साइकिलिंग स्वास्थ्य के लिए बेहद लाभदायक है। इसलिए हम सबको साइकिल का उपयोग नियमित तौर पर करना चाहिए, जिससे स्वस्थ जीवनशैली के साथ पर्यावरण संरक्षण भी योगदान होगा। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'एक पेड मां के नाम अभियान' के तहत कम से कम एक पौधा लगाने तथा साइकिल को जीवनशैली का अंग बनाने का आह्वान किया।

### बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया नमन

केंद्रीय वन मंत्री भूपेंद्र यादव ने अम्बेडकर सर्किल पहुंचकर बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। उन्होंने कहा कि बाबा भीमराव अम्बेडकर का जीवन संघर्षों से लड़कर न केवल अपने बल्कि पूरे देश को एक बेहतर भविष्य देने की प्रेरणा देता है। बाबा साहेब सदैव सामाजिक न्याय और सर्वांगीण आर्थिक विकास के लिए कार्यरत रहने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमारी सरकार ने बाबा साहब के जीवन से जुड़े महत्वपूर्ण स्थलों को विकसित करने का कार्य किया है। इस दौरान जिलाध्यक्ष अशोक गुप्ता सहित बड़ी संख्या में महिलाएं एवं आमजन मौजूद रहें।

## बुढीबावल में पहुंचा ग्राम रथ अभियान, एलईडी वैन से योजनाओं की दी जानकारी

जयपुर टाइम्स



**खैरथल-तिजारा(निसं.)।** राजस्थान सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को गांव-गांव तक पहुंचाने के उद्देश्य से संचालित ग्राम रथ अभियान के तहत रविवार को किशनगढ़ बास विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत बुढीबावल में एलईडी वैन पहुंची। रथ के माध्यम से ग्रामीणों को विभिन्न सरकारी योजनाओं, विकास कार्यों एवं उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी आकर्षक ऑडियो-वीडियो प्रस्तुति के जरिए दी गई। इस अवसर पर किशनगढ़ बास के पूर्व विधायक रामहेत यादव ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार का उद्देश्य योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता बढ़ाने के लिए इस प्रकार के अभियान बेहद प्रभावी साबित हो रहे हैं। उन्होंने ग्रामीणों से आह्वान किया कि वे सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर उनका अधिकतम लाभ लें तथा अन्य लोगों को भी इसके प्रति जागरूक करें। उन्होंने कहा कि योजनाओं की सही जानकारी मिलने से ग्रामीण आत्मनिर्भरता की ओर तेजी से आगे बढ़ सकते हैं। अभियान के दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने सरल एवं सहज भाषा में योजनाओं की पात्रता, आवेदन प्रक्रिया और मिलने वाले लाभों की जानकारी दी। एलईडी मोबाइल वैन पर योजनाओं से संबंधित वीडियो एवं संदेश प्रदर्शित किए गए, जिन्हें ग्रामीणों ने रुचि के साथ देखा। ग्रामीणों ने बताया कि उन्हें पहले कई योजनाओं की पूरी जानकारी नहीं थी, लेकिन इस पहल के माध्यम से अब वे योजनाओं को बेहतर ढंग से समझ पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे जागरूकता अभियान गांवों के लिए काफी उपयोगी साबित हो रहे हैं।कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# जयपुर पश्चिम में साइबर ठग और गैंगस्टर पर प्रशांत किरण का हंटर: छोटे से कार्यकाल में बड़ी उपलब्धि

**पुलिस मुख्यालय के निर्देशन में प्रदेश भर में शुरू किए गए ऑपरेशन म्युल हंटर अभियान में जयपुर पश्चिम का शानदार फॉर्मेंस, कई साइबर अपराधी अरेस्ट, करोड़ों रुपए की रकम को करवाया होल्ड, करोड़ों रुपए की राशि पीड़ितों को लौटाई, बड़े-बड़े गैंगस्टरों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई से अपराध जगत से जुड़े लोगों में मची खलबली**



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** वर्ष 2021 बैच के आईपीएस ऑफिसर प्रशांत किरण आजकल खूब चर्चा में है, इनकी वर्किंग स्टाइल और इनकी मॉनिटरिंग में साइबर ठग तथा गैंगस्टर के खिलाफ की जा रही जयपुर पश्चिम के प्रभावी कार्रवाई से लोगों में तो प्रशंसा हो ही रही है साथ-साथ अपराध जगत से जुड़े लोग इनका नाम सुनते ही छुपने के लिए बिल की तलाश करते नजर आ रहे हैं, यही वजह है कि जयपुर पश्चिम का इलाका जो पहले बड़े-बड़े गैंगस्टर के मूवमेंट और गतिविधियों के लिए जाना जाता था उस इलाके में अपराधिक गतिविधियों में पिछले कुछ ही महीना में पहले की तुलना में जबरदस्त गिरावट आई है जिसमें पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर प्रदेश के सभी जिलों में शुरू किए गए ऑपरेशन म्युल हंटर अभियान में तो प्रशांत किरण की प्रभावी मॉनिटरिंग से जयपुर पश्चिम पुलिस इस अभियान में अब तक पूरे प्रदेश में अग्रणी भूमिका में नजर आ रही है, इस दबंग, जांबाज और आधुनिक टेक्नोलॉजी के मामले में अच्छी जानकारी रखने वाले नौजवान आईपीएस अफसर को जयपुर पश्चिम डीसीपी पद पर कार्य करते अभी मुश्किल से 2 महीने भी नहीं हुए लेकिन इस छोटी सी अवधि में ही इन्होंने अपने बुद्धि कौशल, नवाचार और अपने बेहतरीन टीमवर्क के माध्यम से पुलिसिंग में उत्कृष्ट कार्य करके जो उपलब्धियां हासिल की है। उन्हें देखते हुए साफ दिख रहा है कि आने वाले दिनों में यह पुलिस ऑफिसर प्रदेश की जनता और सरकार दोनों के लिए जहां कोहिनूर हीरा की तरह साबित हो सकता है तो अपराध जगत से जुड़े लोगों के लिए भयानक सपने की तरह साबित हो सकते हैं वैसे फिलहाल तो जयपुर पश्चिम में अपराध जगत से जुड़े लोगों को रात में ही नहीं बल्कि दिन में भी सपने में इस कड़क पुलिस अफसर का चेहरा देख कर इनसे बचने के लिए नंगे पांव दौड़ लगाकर बिल की तलाश करते नजर आते हैं, पहले भिवाड़ी और और अब जयपुर पश्चिम में पुलिस की कमान हाथ में लेने के बाद इन्होंने बहुत ही कम अवधि में जयपुर के व्यापार जगत, सामाजिक संगठन, औद्योगिक संगठन और आमजन का जो भरोसा और विश्वास जीता है वह अकल्पनीय है क्योंकि राजस्थान में इनकी जैसे कर्मठ, गतिशील और दबंग नौजवान आईपीएस अफसर और भी हैं लेकिन इन्होंने इतने कम समय में ही जो उत्कृष्ट प्रदर्शन जयपुर पश्चिम में करके दिखाया उससे पुलिस मुख्यालय में विराजमान तमाम बड़े सीनियर आईपीएस अधिकारी भी इनसे काफी प्रभावित और संतुष्ट है साथ-साथ आमजन भी जयपुर पश्चिम में इनकी नियुक्ति से काफी खुश और संतुष्ट दिखाई दे रहा है, इसकी वजह यही है कि जयपुर पश्चिम पुलिस की ओर से रोजाना कोई ना कोई अपराधिक घटनाओं का पर्दाफाश करके बदमाशों की गिरफ्तारी की जा रही है जिसकी वजह से यहां अपराध जगत से जुड़े लोगों में पुलिस को लेकर एक अजीब डर बैठ गया है उसका ही परिणाम है कि पिछले कुछ महीना में यहां अपराधी घटनाओं में काफी तेजी से गिरावट आई है जो जयपुर पश्चिम पुलिस की सक्रियता को इंगित करता है ।

## अपराध जगत से जुड़े लोगों के लिए जयपुर पश्चिम की लोकेशन बनी हुई है वरदान

इस बात को बिल्कुल भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता कि जयपुर पश्चिम की लोकेशन कहीं ना कहीं अपराध जगत से जुड़े लोगों के लिए बड़ा वरदान बनी हुई है जयपुर पश्चिम में ग्रामीण और शहरी दोनों इलाके आते हैं और जयपुर पश्चिम इलाके से राष्ट्रीय राजमार्गों के अलावा छोटा राजमार्ग भी जुड़े हुए हैं जयपुर में क्राइम की घटना को अंजाम देने के बाद बदमाशों के फरार होने में जयपुर पश्चिम की लोकेशन काफी मददगार साबित हो जाती है यही वजह है कि यह इलाका बड़े-बड़े गैंगस्टर से जुड़े बदमाशों की गतिविधियों के लिए सुर्खियों में रहता है इसके अलावा जयपुर पश्चिम मिलकर में जमीन जायदाद और रियल एस्टेट का कारोबार भी बुलंदियों पर है यह भी सत्य है कि अपराध जगत से जुड़े लोग अपनी काली कमाई को जमीन जायदाद खरीदने में ज्यादा इन्वेस्ट करते हैं भले ही चाहे वह अपने नाम से नहीं बल्कि अपने परिजनों रिश्तेदारों या दोस्तों के नाम से प्रॉपर्टी खरीदे हैं ताकि जरूरत पड़ने पर पुलिस से बचने के लिए अपने इन ठिकानों पर छुप जाएं इसके अलावा जहां जमीन जायदाद का कारोबार ज्यादा होता है वहां अपराध की घटनाएं स्वाभाविक रूप से ज्यादा होती ही हैं चाहे वह बदमाशों की ओर से वसूली करने का मामला हो या फिर प्रॉपर्टी का विवाद हो या फिर प्रॉपर्टी पर कब्जा करने की बात हो यह सारे इश्यू अपने आप ही क्राइम से जुड़ जाते हैं इसीलिए जयपुर पश्चिम इलाके में अपराध जगत से जुड़े लोगों की गतिविधियां ज्यादा देखने को मिली है इसके अलावा चैन स्केचिंग, वाहन चोरी, नकबजनी, लूट हत्या जैसे गंभीर अपराध यहां ज्यादा होते रहे हैं जहां तक साइबर क्राइम का विषय है यह विषय तो राजस्थान नहीं बल्कि पूरे देश में पुलिस के लिए बड़ी चुनौती बन गया है लेकिन पिछले करीब दो महीना में यहां विभिन्न तरह के गंभीर अपराधों के आंकड़ों का विश्लेषण करें तो पहले की तुलना में यहां सभी तरह के अपराध की घटनाओं में जबरदस्त गिरावट आई है इसमें कहीं ना कहीं प्रशांत किरण की प्रभावी मॉनिटरिंग की वजह से छोटे-बड़े सभी अपराधियों के खिलाफ की जा रही प्रभावी कार्रवाई को बड़ी वजह माना जा रहा है क्योंकि प्रशांत किरण ने कार्यभार ग्रहण करने के पहले दिन से ही थाना स्तर पर घोषित किए गए हिस्ट्रीशीटर और उसके संपर्क सूत्रों की गतिविधियों पर नियमित रूप से अपनी तीसरी आंख से नजर रखे हुए हैं इसके अलावा फरार वांटेड अपराधियों की तलाश के लिए प्लानिंग के तहत पुलिस कार्रवाई कर रही है जिसमें कई वांटेड अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है बड़े-बड़े गैंगस्टर सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म के माध्यम से हथियारों के साथ खुद की ताकत का प्रदर्शन करके लोगों में अपने नाम का डर पैदा करने का जो प्रयास कर रहे हैं या फिर जो गैंगस्टर हफ्ता वसूली के लिए फोन कॉल, व्हाट्सएप कॉल इत्यादि के माध्यम से व्यवसाईयों पर दबाव बनाते हैं ऐसे अपराधियों को दबोचने के लिए प्रशांत किरण ने जांबाज और दबंग पुलिस अधिकारी और कर्मचारियों की टीम का गठन किया हुआ है जिन्हें अलग-अलग कार्य की जिम्मेदारी दी गई है इसमें साइबर फ्रॉड को रोकने के लिए भी जो पुलिस अधिकारी और कर्मचारी आधुनिक टेक्नोलॉजी के बारे में अच्छी जानकारी रखते हैं उनकी एक विशेष टीम बनाई हुई है इस टीम ने ऑपरेशन म्युल हंटर अभियान में बहुत ही शानदार परफॉर्मेंस करके बड़ी संख्या में साइबर अपराधियों को गिरफ्तार भी किया है और इनकी ओर से डकारी गई करोड़ों रुपए की राशि को पीड़ित लोगों को वापस भी लौट आया है इसलिए पिछले दो महीना में एक तरफ जहां जयपुर पश्चिम पुलिस की ओर से कई बड़े-बड़े गैंगस्टर ग्रुप से जुड़े बदमाशों को अरेस्ट किया है तो बड़ी संख्या में साइबर अपराधियों को भी दबोचा है इसलिए पुलिस की इस सतत कार्रवाई से पिछले दो महीना में जयपुर पश्चिम में गंभीर अपराध के आंकड़ों में जबरदस्ती गिरावट आई

## मेरे ऑफिस के दरवाजे 24 घंटे फरियादियों के लिए खुले हैं

*जिस दिन प्रशांत किरण ने जयपुर डीसीपी का कार्यभार ग्रहण किया था उस पहले दिन ही उन्होंने संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक करने से पहले ऑफिस में अपनी शिकायत लेकर आए पीड़ित लोगों की शिकायत सुनी उस दिन ही यह एहसास हो गया था कि प्रशांत किरण फरियादियों के लिए कितने सजक और गंभीर रहते हैं प्रशांत किरण ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान साफ कहा भी है कि प्रत्येक फरियादी के लिए उनके दफ्तर के दरवाजे 24 घंटे खुले हैं अगर उनके पास कोई लिखित शिकायत है तो लिखित शिकायत लेकर भी उनसे मिल सकते हैं और अगर उनके पास लिखित शिकायत नहीं भी हो तो मौखिक रूप से अपनी पीड़ा उन्हें जाकर किसी भी समय बता सकते हैं इसके लिए उनके दरवाजे हमेशा खुले हैं इसमें कोई संदेह नहीं प्रशांत किरण रोजाना समय पर दफ्तर पहुंचते हैं और दफ्तर पहुंचने के बाद सबसे पहले दफ्तर में मौजूद पीड़ित लोगों की शिकायत को सुनते हैं और उनका समाधान करने का हर संभव प्रयास भी करते हैं प्रशांत किरण का साफ कहना है कि उन्होंने पुलिस की नौकरी इसी मकसद से ज्वाइन की है कि वे लोगों की ज्यादा से ज्यादा हेल्प करें, ज्यादा से ज्यादा लोगों की परेशानियों का समाधान करें समाज की सेवा करें और जो लोग गलत दिशा में भटक रहे हैं उन्हें सही रास्ता दिखाएं*

## ऑपरेशन म्युल फंड हंटर अभियान में जयपुर पश्चिम पुलिस का बेमिसाल पर फॉर्मेंस

पुलिस मुख्यालय की ओर से साइबर फ्रॉड की घटनाओं को रोकने और साइबर फ्रॉड की घटनाओं को अंजाम देने वाले लोगों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई करने के लिए पूरे प्रदेश में ऑपरेशन म्युल हंटर अभियान संचालित किया जा रहा है जिसमें प्रदेश के सभी जिलों में पुलिस की ओर से यह अभियान संपादित किया जा रहा है इस अभियान में जयपुर पश्चिम पुलिस ने डीसीपी प्रशांत किरण की प्रभावी मॉनिटरिंग से बड़ी संख्या में साइबर अपराधियों को अरेस्ट किया है, जयपुर पश्चिम पुलिस ने ऑपरेशन म्युल हंटर अभियान में करीब 35 करोड़ रुपए की ठगी करने का खुलासा किया है जिसमें कालवाड़, करधनी, बगरू, चित्रकूट, करणी विहार इत्यादि पुलिस स्टेशन में दर्ज विभिन्न मामलों में बड़ी संख्या में साइबर ठग को इस विशेष अभियान के तहत गिरफ्तार किया गया है करीब 4 करोड़ रुपए की फ्रॉड की राशि जयपुर पश्चिम पुलिस ने होल्ड करवाया भी करवाया है तथा करीब एक करोड़ 35 लाख रुपए पीड़ित लोगों को पुलिस ने वापस भी करवाया है इस अभियान में जयपुर पुलिस ने साइबर फ्रॉड करने वाले बड़े ग्रुप के लोगों को दबोचा है। इस ग्रुप के तार देश के महाराष्ट्र ,उत्तर प्रदेश और कई अन्य जिलों से भी जुड़े हुए हैं जयपुर पश्चिम पुलिस का कहना है कि जयपुर पश्चिम पुलिस ने ही करीब 35 करोड़ के साइबर फ्रॉड का खुलासा किया है तो फिर अंदाजा लगाया जा सकता है कि इस ग्रुप ने अन्य राज्यों में कितने बड़े पैमाने पर साइबर फ्रॉड किया होगा। इसलिए जयपुर पश्चिम पुलिस की इस कार्रवाई को बहुत बड़ी माना जा रहा है यह कार्रवाई डीसीपी प्रशांत किरण के नियमित प्रभावित मॉनिटरिंग की वजह से ही सफलतापूर्वक संपादित हो सकी। प्रशांत किरण ने इसके लिए बाकायदा तकनीकी रूप से दक्ष पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों की एक टीम का गठन किया था जो जिले के विभिन्न पुलिस थानों से निरंतर संपर्क और सामंजस्य बनाकर ऑपरेशन म्युल हंटर अभियान को क्रियान्वित कर रही है। इस अभियान पर प्रशांत किरण नियमित रूप से टीम के अधिकारियों से फीडबैक लेते रहते हैं और अपनी ओर से आवश्यक दिशा निर्देश भी देते रहते हैं जहां पर तकनीकी नॉलेज और आधुनिक संचार संसाधनों से जुड़ी कोई समस्या सामने आती है तो प्रशांत किरण उसका भी निराकरण करते हैं क्योंकि प्रशांत किरण ने बिट्स पिलानी से बीटेक किया हुआ है इसलिए तकनीकी रूप से प्रशांत किरण भी काफी दक्ष और कुशल हैं उसी का परिणाम रहा की साइबर फ्रॉड के इस व्यापक और बड़े नेटवर्क का खुलासा हो पाया, जानकारी के अनुसार साइबर क्राइम को अंजाम देने वाले अपराधी लोगों से हड़पी गई धनराशि को पुलिस की कार्रवाई से बचने के लिए लोगों के बैंक खाता किराए पर ले लेते हैं और फिर इन खातों में ठगी गई धनराशि को ट्रांसफर करते रहते हैं इसमें कई बार साइबर ठग बैंक प्रशासन से जुड़े बड़े लोगों से भी मिलीभगत करके लोगों के बैंक अकाउंट किराए पर ले लेते हैं इस तरह की साइबर ठगी की घटनाएं देश के सभी राज्यों की पुलिस के लिए बड़ा सिर दर्द और बड़ी चुनौती बने हुए हैं इसीलिए इस तरह की वारदातों को अंजाम देने वाले साइबर ठग को चिन्हित करके उन्हें अरेस्ट करने के लिए पुलिस मुख्यालय ने ऑपरेशन म्युल हंटर अभियान का पूरे प्रदेश भर में शुभारंभ करवाया जिसमें जयपुर पश्चिम पुलिस का अब तक बहुत ही अच्छा प्रदर्शन रहा है इस तरह की वारदातों को अंजाम देने वाले साइबर ठग काफी उस्ताद होते हैं जयपुर पश्चिम पुलिस ने एक ऐसे गैंग का भी खुलासा किया जो फर्जी तरीके से ईमित्र खोलकर लोगों को जाल में फंसा कर उनके साथ ईमित्र संबंधी काम करने की आड़ में ठगी कर रहे थे ।

## प्रशांत किरण के अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी पिता को अपने बेटे की उपलब्धि पर है गर्व

*प्रशांत किरण के पिता विनोद कुमार सिंह अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी पद पर पोस्टेड हैं, प्रशांत किरण बचपन में ही काफी मेघावी छात्र थे पढ़ने में काफी इंटेलिजेंट थे जमशेदपुर में वर्ष 2009 में इन्होंने दसवीं की परीक्षा उत्तीर्ण की और फिर वर्ष 2011 में समस्तीपुर संत जोसेफ से इंटरमीडिएट परीक्षा उत्तीर्ण करके बिट्स पिलानी से बीटेक किया और एमएससी अर्थशास्त्र में 5 साल का कोर्स कंप्लीट करके वर्ष 2016 में फ्लिपकार्ट बेंगलुरु में प्रोडक्ट मैनेजर पद पर नौकरी भी की लेकिन इस पद पर कार्य करने से इन्हें आत्म संतुष्टि नहीं मिल रही थी लोगों की सीधे तौर पर ज्यादा से ज्यादा सेवा करना चाहते थे इसलिए नौकरी छोड़कर इन्होंने भारतीय प्रशासनिक सेवा परीक्षा की तैयारी शुरू की और वर्ष 2021 में भारतीय प्रशासनिक सेवा परीक्षा के पहले ही चांस में इन्हें सफलता मिली जिसमें इन्हें आईपीएस सेवा के लिए चुना गया आईपीएस की ट्रेनिंग के बाद इन्हें वर्ष 2022 में राजस्थान केडर अलॉट किया गया, अपने प्रशिक्षु अवधि के दौरान इन्होंने सीकर रेंज आईजी दफ्तर में लीव रिजर्व के रूप में कार्य किया इसके अलावा सर्किल ऑफिसर के रूप में भी सीकर में इन्होंने अपनी सेवाएं दी बाद में जिला पुलिस अधीक्षक के रूप में इन्हें भिवाड़ी जैसे संवेदनशील जिले में पहले ही पोस्टिंग दी गई जहां पर इन्होंने अपनी कार्यशैली, नवाचार और जनता से नियमित रूप से अपने गहरे संवाद के माध्यम से भिवाड़ी में कानून और शांति व्यवस्था बनाए रखने में अच्छी भूमिका निभाई जबकि भिवाड़ी जैसा जिला हमेशा ही क्राइम की घटनाओं को लेकर सुर्खियों में रहता है दिल्ली एनसीआर, अलवर के मेवात क्षेत्र से जुड़े रहने की वजह से भिवाड़ी में एक अलग ही तरह का क्राइम की घटनाओं का माहौल बना रहता है लेकिन प्रशांत किरण ने भिवाड़ी में अपनी नौकरी के दौरान बड़े-बड़े गैंगस्टर से जुड़े लोगों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई की आमजन और पुलिस के बीच दोस्ताना संबंध बनाने में भी बड़ी भूमिका निभाई इसके अलावा व्यापारियों, उद्योगपतियों और सामाजिक संगठनों इत्यादि से नियमित रूप से संवाद करके जिले में अपराधों पर अंकुश लगाने में जबरदस्त सफलता हासिल की थी इसीलिए प्रदेश की भजनलाल सरकार ने इनके अच्छे परफॉर्मेंस को देखते हुए जयपुर पश्चिम जैसे संवेदनशील जिले की कमान इनके हाथ में दी, कुछ ही सालों में अपनी आईपीएस की नौकरी में बिहार के इस दबंग नौजवान ऑफिसर ने जो उत्कृष्ट कार्य राजस्थान में करके दिखाया उस पर इनके माता-पिता और परिजनों को भी काफी गर्व है यूपीएससी के पहले ही प्रयास में देश के सबसे बड़े एग्जाम में सफलता हासिल करने के बाद प्रशांत किरण ने कहा था कि अगर नियमित रूप से रोजाना 8 घंटे पढ़ाई की जाए और मन में दृढ़ निश्चय कर लिया जाए तो फिर कोई भी एग्जाम पास किया जा सकता है प्रशांत किरण ने कहा कि उन्होंने नियमित रूप से नौकरी छोड़ने के बाद 8 घंटे सेल्फ स्टडी की*

## डीसीपी प्रशांत किरण ने गुम और चोरी होने वाले मोबाइल के लिए सी.ई.आई.आर. पोर्टल पर तुरंत शिकायत करने की की अपील

देशभर में चोरी और गुम होने वाले मोबाइल फोन के बारे में शिकायत करने के लिए भारतीय दूरसंचार विभाग ने भी साथी संचार पोर्टल की व्यवस्था की है जिसमें सीईआईआर पर तुरंत अपनी शिकायत अपलोड करने के बारे में सुविधा प्रदान की है इसके बारे में जयपुर पश्चिम डीसीपी प्रशांत किरण ने भी लोगों से अपील की है कि अगर उनका मोबाइल फोन गुम हो जाता है या फिर चोरी हो जाता है तो इसकी शिकायत तुरंत दूरसंचार विभाग की ओर से साथी संचार पोर्टल पर अपलोड करें ताकि उनके चोरी हुए या गुम हुए मोबाइल फोन पर अगर कोई अपनी सिम लगाकर उस मोबाइल फोन काउपयोग करेगा तो उसकी जानकारी तुरंत पुलिस को मिल जाएगी और उनका चोरी और गुम हुआ मोबाइल फोन उन्हें वापस भी मिल सकता है और कई अन्य तरह की परेशानियों से भी उन्हें छुटकारा मिल सकता है इसलिए चोरी और गुम होने वाले मोबाइल फोन की जानकारी तुरंत संचार साथी पोर्टल पर अपलोड करें प्रशांत किरण ने कहा कि यह सिर्फ 10 मिनट की करवाई होती है जिसमें आपको अपना चोरी हुआ या गुम हुआ मोबाइल फोन भी भविष्य में मिल सकता है और पुलिस की जांच को भी इससे काफी संभल मिलता है। उन्होंने कहा कि अगर किसी को ऑनलाइन तरीके से संबंधित पोर्टल पर शिकायत करना नहीं आता है तो किसी अन्य जानकार व्यक्ति से पोर्टल पर अपनी शिकायत और चोरी हुए मोबाइल फोन का बिल अपलोड करें इसके लिए पुलिस में मामला दर्ज करवाना भी थोड़ा जरूरी होता है साथ-साथ पुलिस स्टेशन में जाकर भी अपनी शिकायत पोर्टल पर अपलोड करवा सकते हैं ।

## जयपुर पश्चिम से सीधे जुड़े राष्ट्रीय राजमार्गों और छोटे राजमार्गों पर पुलिस एक कड़ी नाकाबंदी को किया सुनिश्चित

जयपुर पश्चिम इलाके से जयपुर दिल्ली जयपुर अजमेर जयपुर सीकर जैसे सड़क मार्ग सीधे जुड़े हुए हैं इसके अलावा जयपुर पश्चिम में शहरी और ग्रामीण इलाका आता है जहां ग्रामीण इलाके में एक गांव से दूसरे गांव को जोड़ने वाले छोटे-छोटे सड़क मार्ग भी कई बार अपराधियों को फरार होने में मददगार बन जाते हैं इसलिए अपराध की घटना को अंजाम देने के बाद अपराधी इलाके से फरार नहीं हो यह तभी संभव है जब जयपुर से जुड़े छोटे-बड़े सभी सड़क मार्गों पर पुलिस की नाकाबंदी तगड़ी हो और नाकाबंदी में तैनात पुलिस अधिकारियों के पास अत्याधुनिक हथियार भी जरूरी हो क्योंकि आजकल छोटे से छोटे अपराधी के पास भी विदेशी कीमती हथियार मिल जाते हैं जिन्हें दिखाकर या फिर जिसके दम पर वह पुलिस की टीम पर हमला करके फरार भी हो जाता है। इसलिए इस विषय पर प्रशांत किरण ने बहुत ही प्रभावी तरीके से कार्य किया है क्योंकि प्रशांत किरण पूर्व में भिवाड़ी जैसे संवेदनशील जिले के पुलिस अधीक्षक भी रह चुके हैं। इसलिए उन्हें संगठित अपराध ग्रुप की गतिविधियों और उनकी हरकतों के बारे में अच्छी जानकारी रखते हैं प्रशांत किरण ने भिवाड़ी में भी संगठित अपराध ग्रुप से जुड़े बदमाशों के खिलाफ बहुत ही शानदार प्रभावी कार्रवाई करके दिखाई थी इसलिए जयपुर पश्चिम में भी अपराधियों को जयपुर से भागने न दिया जाए इसके लिए जयपुर पश्चिम में छोटे बड़े सभी सड़क मार्गों पर पुलिस की तगड़ी नाकाबंदी को प्रभावी रूप से संचालित करने के निर्देश दिए ताकि खूंखार से खूंखार अपराधी को भी भागने से रोका जा सके ।

## वर्तमान परिपेक्ष में साइबर अपराधों को रोकने के लिए जन जागरण अभियान बहुत जरूरी

प्रशांत किरण का कहना है कि साइबर क्राइम को रोकने के लिए लोगों में जन जागृति पैदा करना बहुत जरूरी है इसके लिए उनकी भी यह पूरी कोशिश रहती है कि पुलिस की ओर से स्कूल कॉलेज और अन्य जगहों पर ज्यादा से ज्यादा कार्यक्रम आयोजित करके छात्र-छात्राओं को मोबाइल फोन, फेसबुक, व्हाट्सएप, इत्यादि के उपयोग में छोटी-छोटी बातों पर ध्यान देने की बात को समझाया जाए, हर किसी से और अनजान व्यक्ति से अपने बैंक अकाउंट, अपने परिजनों के बैंक अकाउंट और इत्यादि महत्वपूर्ण जानकारियां बिल्कुल भी शेयर ना करें और मोबाइल फोन पर अज्ञात फोन नंबर से बात करने से बचे, भूलवंश अगर कई बार फोन उठा भी लिया जाता है तो बातचीत करते समय अपने और अपने परिजनों के बारे में किसी भी तरह की कोई भी जानकारी मोबाइल फोन पर किसी से भी शेयर ना करें और ना ही किसी के झांसे और बहकावे में आए और अगर कोई लगातार आपको हरेसमेंट कर रहा है तो इसके लिए तुरंत पुलिस को भी सूचित करें । प्रशांत किरण ने छात्र-छात्राओं और छोटे बच्चों से भी आग्रह किया है कि वह बिल्कुल भी अनजान कॉल पर या फिर व्हाट्सएप फेसबुक इत्यादि के माध्यम से अपनी और अपने परिजनों की पर्सनल जानकारी को शेयर ना करें और ना ही किसी के लालच में आए और अगर शुरू में कुछ गलती भी हो जाती है तो इसके बारे में अपनी गलती को छुपाए नहीं बल्कि अपने परिजनों को बताएं और पुलिस के साथ भी शेयर करें ताकि सही समय पर पुलिस प्रभावी कार्रवाई कर सके ।

## सम्पादकीय

# आखिर आवारा कुत्तों को रोकने की जिम्मेदारी किसकी



पंजाब के होशियारपुर जिले के एक गांव में बुधवार को आवारा कुत्तों के एक बच्ची पर हमले की घटना ने एक बार फिर सभी को झकझोर दिया है। कुत्तों के झुंड ने बच्ची को उस समय नोच कर मार डाला, जब वह स्कूल जाने के लिए घर से निकली थी। सवाल है कि अगर इलाके में कुत्ते आक्रामक हो गए थे, तो समय रहते स्थानीय शासन ने क्यों नहीं ध्यान दिया। जबकि जोखिम बन गए कुत्तों को लेकर शीर्ष अदालत की ओर से स्पष्ट आदेश दिए जा चुके हैं। इसमें कोई दो राय नहीं कि लोगों की सुरक्षा सरकार की जिम्मेदारी है। मगर यह दायित्वबोध किसी भी स्तर पर नहीं दिखता। पंजाब में जो हुआ, वह कोई अकेली घटना नहीं है। पहले भी इस तरह की कई घटनाएं हुई हैं। इन्हीं कारणों से लोगों का आक्रोश भी फूटा और हिंसक कुत्तों को निशाना बनाया गया। होशियारपुर जिले में आवारा कुत्तों का समूह हिंसक हो चुका है, तो उन्हें पकड़ने की जिम्मेदारी किसकी थी? समय रहते उनकी पहचान कर ली जाती और उन्हें आश्रय गृह में भेज दिया जाता, तो मासूम बच्ची की जान नहीं जाती। यह एक विचित्र विडंबना है कि सर्वोच्च न्यायालय के दिशा-निर्देशों के बावजूद आवारा कुत्तों पर अंकुश लगाना सरकारी महकमों को जरूरी नहीं लगता है। अदालत में महीनों चली सुनवाई और उस पर आए निर्देशों के बाद भी आम लोगों, खासकर बच्चों की जान जोखिम में है। देश भर में इस मुद्दे पर चिंता जताए जाने और मामले सुर्खियों में आने के बावजूद संबंधित विभागों और अधिकारियों का रवैया अब भी उदासीन दिखता है। रिहाइशी इलाकों से हिंसक कुत्तों को हटाने की कोई कवायद नहीं हो रही, तो इसे अब गंभीरता से लेना होगा। अगर नगर निकाय और जिला प्रशासन निर्देशों की अवहेलना करेंगे, तो आखिर आम लोग कहां जाएंगे। निकायों से पूछा जाना चाहिए कि हिंसक हो गए कुत्तों को पकड़ने तथा उन्हें आश्रय गृहों में रखने की हिदायत दी गई थी, तो उसका पालन क्यों नहीं हुआ? आवारा कुत्ते आक्रामक हो रहे हैं, तो तत्काल कदम उठाए जाने चाहिए। नगर निकायों की जवाबदेही भी तय होनी चाहिए। इस दिशा में अब सभी स्तरों पर समन्वित प्रयास की जरूरत है।

# बंगाल को पटरी पर लाने की चुनौती



पश्चिम बंगाल में जैसे ही मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआइआर की प्रक्रिया शुरू हुई थी, वैसे ही ममता बनर्जी ने उसका उग्र विरोध करना शुरू कर दिया था और सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा भी खटखटाया। शीर्ष अदालत ने एसआइआर को न केवल सही माना, बल्कि उसे जारी रखने के आदेश भी दिए। यही नहीं उसने इस प्रक्रिया की निगरानी न्यायिक अधिकारियों को भी सौंप दी। जब चुनाव आयोग ने स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए राज्य में बड़ी संख्या में केंद्रीय बलों की तैनाती की तो उसका भी ममता ने विरोध किया, जबकि यदि चुनाव के पहले और चुनाव के समय हिंसा नहीं हुई तो इसका श्रेय चुनाव आयोग को ही जाता है। इसके बाद भी ममता ने अपनी हार का ठीकरा चुनाव आयोग पर फोड़ा। इस्तीफा देने से इन्कार करके उन्होंने बचकाने राजनीतिक व्यवहार का ही परिचय दिया है।

निःसंदेह अन्य राज्यों की तरह बंगाल में भी मृत, स्थानांतरित और दोहराव वाले लाखों लोगों के नाम मतदाता सूची से हटाए गए, लेकिन इसके आधार पर इस निष्कर्ष पर नहीं पहुंचा जा सकता कि तृणमूल कांग्रेस यानी टीएमसी एसआइआर के कारण हारी। यह आरोप इस तथ्य से झूठा साबित होता है कि जिन 20 सीटों पर सबसे अधिक नाम काटे गए, उनमें से 13 में टीएमसी जीती।

इससे इन्कार नहीं कि एसआइआर में कुछ विसंगतियां रही होंगी, क्योंकि कोई भी प्रक्रिया सौ प्रतिशत सही नहीं होती, पर टीएमसी की हार के लिए एसआइआर को दोष देना इस सच से मुंह मोड़ना है कि ममता का शासन कुशासन का पर्याय बन गया था। 15 वर्षों से सत्ता पर आसीन ममता ने मुस्लिम तुष्टीकरण की हदें पार कर दी थीं। इसकी प्रतिक्रिया में हिंदू भाजपा के पक्ष में गोलबंद हुए और इसी कारण उसे अप्रत्याशित जीत मिली। टीएमसी की पराजय इस कारण भी हुई, क्योंकि खुद ममता भी अलोकप्रिय हो गई थीं। इसका कारण था उनके नेताओं और कार्यकर्ताओं की ओर से अवैध वसूली और लोगों की संपत्तियों पर कब्जा करना। बंगाल में महिला असुरक्षा का मुद्दा भी सतह पर आया, क्योंकि आरजी कर मेडिकल कालेज की डाक्टर से दुष्कर्म के बाद हत्या और संदेशखाली में हिंसा एवं महिलाओं से दुर्व्यवहार की घटनाओं ने लोगों को झकझोर कर रख दिया। इससे टीएमसी के प्रति सत्ता विरोधी माहौल और अधिक गहराया। ममता अपनी गलतियों को स्वीकार करने के बजाय जिस तरह यह कह रही हैं कि वे हारी नहीं, बल्कि उन्हें हराया गया है, वह उनकी खीझ ही है।

बंगाल में आजादी के बाद पहले कुछ दशकों तक कांग्रेस का शासन रहा, फिर वाम दल तीन दशक से भी अधिक समय तक सत्ता में रहे। जब वाम दलों का शासन कुशासन का पर्याय बना तो लोगों ने परिवर्तन के नारे के साथ उन्हें चुनौती देने वाली ममता का साथ दिया, लेकिन धीरे-धीरे उन्होंने भी वाम दलों वाले तौर-तरीके अपना लिए। इसका एक कारण यह भी रहा कि वाम दलों के तमाम नेता और कार्यकर्ता टीएमसी में आ गए थे। एक समय जो ममता बांग्लादेशी घुसपैठियों का विरोध करती थीं, वही सत्ता पाने और उसे बनाए रखने के लोभ में उनकी अनदेखी करनी लगीं। वे इस सच से इन्कार करती रहीं कि बांग्लादेश से घुसपैठ होती है। वे घुसपैठियों का बचाव करने लगीं, जबकि हिंदू समाज यह देख रहा था कि बांग्लादेशी घुसपैठियों ने किस तरह असम की तरह बंगाल के सीमांत क्षेत्रों में डेमोग्राफी बदल दी है। डेमोग्राफी में यह बदलाव सामाजिक असंतुलन पैदा करने और हिंदू अस्मिता को चोट पहुंचाने के साथ राज्य की सुरक्षा के लिए खतरा भी बन रहा था। जैसे बंगाल में घुसपैठ एक चुनावी मुद्दा बनी, उसी तरह असम में भी और इसी कारण भाजपा वहां तीसरी बार जीती। बांग्लदेश में पिछले दिनों जो राजनीतिक उथलपुथल एवं हिंसा हुई और जिसमें हिंदुओं को निशाना बनाया गया, उसका भी बंगाल के हिंदुओं पर असर पड़ा। उन्हें लगा कि बंगाल में राष्ट्रवादी विचारों वाली सरकार बननी चाहिए। पता नहीं क्यों ममता यह भूल गईं कि वाम दलों को भी बांग्लादेशी घुसपैठियों को अपना वोट बैंक बनाने की कीमत चुकानी पड़ी थी? भाजपा ने घुसपैठियों को निकालने का नारा देकर जो नैरेटिव खड़ा किया, उसने इसलिए काम किया, क्योंकि बंगाली हिंदू अपने आसपास और खासकर सीमावर्ती जिलों में घुसपैठियों का दखल देख रहे थे।

बंगाल में राष्ट्रवादी विचारों वाली सरकार के गठन से न केवल राज्य का बिगड़ा माहौल सुधरना चाहिए, बल्कि घुसपैठ पर भी रोक लगनी चाहिए। आशा है कि भाजपा सरकार के रहते बांग्लदेश के साथ अनसुलझे मसले सुलझाने में भी मदद मिलेगी। बंगाल को राजनीतिक और चुनावी हिंसा की संस्कृति से मुक्त करना राज्य की नई सरकार के एजेंडे में खास तौर पर होना चाहिए। यह आसान नहीं, क्योंकि राज्य की राजनीति एक तरह से हिंसा और दबंगई के सहारे ही संचालित होती रही है। यह दुर्भाग्य की बात रही कि टीएमसी के शासन में भी यह अराजक राजनीतिक संस्कृति और फली-फूली। इसके लिए ममता अपने अलावा किसी अन्य को दोष नहीं दे सकतीं। बंगाल में चुनाव बाद जो हिंसा देखने को मिली और जिसके चलते कुछ भाजपा समर्थकों के साथ सुवेंदु अधिकारी के निजी सहायक की हत्या की गई, उसके लिए टीएमसी अपनी जवाबदेही से बच नहीं सकती। भाजपा को सावधान रहना होगा कि उसके जो कार्यकर्ता और समर्थक टीएमसी से आए हैं, वे हिंसा और दबंगई की राजनीतिक संस्कृति न अपनाने पाएं। ध्यान रहे खुद सुवेंदु अधिकारी एक समय टीएमसी के प्रमुख नेता और ममता के विश्वासपात्र थे।

*इससे इन्कार नहीं कि एसआइआर में कुछ विसंगतियां रही होंगी, क्योंकि कोई भी प्रक्रिया सौ प्रतिशत सही नहीं होती, पर टीएमसी की हार के लिए एसआइआर को दोष देना इस सच से मुंह मोड़ना है कि ममता का शासन कुशासन का पर्याय बन गया था। 15 वर्षों से सत्ता पर आसीन ममता ने मुस्लिम तुष्टीकरण की हदें पार कर दी थीं। इसकी प्रतिक्रिया में हिंदू भाजपा के पक्ष में गोलबंद हुए और इसी कारण उसे अप्रत्याशित जीत मिली। टीएमसी की पराजय इस कारण भी हुई, क्योंकि खुद ममता भी अलोकप्रिय हो गई थीं। इसका कारण था उनके नेताओं और कार्यकर्ताओं की ओर से अवैध वसूली और लोगों की संपत्तियों पर कब्जा करना। बंगाल में महिला असुरक्षा का मुद्दा भी सतह पर आया, क्योंकि आरजी कर मेडिकल कालेज की डाक्टर से दुष्कर्म के बाद हत्या और संदेशखाली में हिंसा एवं महिलाओं से दुर्व्यवहार की घटनाओं ने लोगों को झकझोर कर रख दिया। इससे टीएमसी के प्रति सत्ता विरोधी माहौल और अधिक गहराया। ममता अपनी गलतियों को स्वीकार करने के बजाय जिस तरह यह कह रही हैं कि वे हारी नहीं, बल्कि उन्हें हराया गया है, वह उनकी खीझ ही है। बंगाल में आजादी के बाद पहले कुछ दशकों तक कांग्रेस का शासन रहा, फिर वाम दल तीन दशक से भी अधिक समय तक सत्ता में रहे। जब वाम दलों का शासन कुशासन का पर्याय बना तो लोगों ने परिवर्तन के नारे के साथ उन्हें चुनौती देने वाली ममता का साथ दिया, लेकिन धीरे-धीरे उन्होंने भी वाम दलों वाले तौर-तरीके अपना लिए। इसका एक कारण यह भी रहा कि वाम दलों के तमाम नेता और कार्यकर्ता टीएमसी में आ गए थे।*

## कहानी

### मैं झूठ नहीं बोलूंगा

जावेद नौ-दस साल का लड़का था, निहायत तमीज़-दार और पढ़ाई-लिखाई में तेज़। न किसी से लड़ता-झगड़ता था और न ही अपनी किसी बात से किसी की दिल-आज़ारी करता था। उसकी अच्छी आदतों की वजह से स्कूल में उसकी तमाम उस्तानियाँ और दोस्त और घर में उसकी अम्मी और अब्बू उससे बहुत खुश थे। अच्छे बच्चों से सब ही खुश रहते हैं। चूँकि उसका न कोई भाई था न बहन, इसलिए वो अगर घर में होता तो अपनी अम्मी के पीछे-पीछे ही फिरता रहता था और उनको स्कूल में होने वाली हर बात बताता। अम्मी कोई काम कर रही होतीं तो काम में उनका हाथ बटाता। जावेद की एक अच्छी बात ये भी थी कि वो स्कूल से कभी छुट्टी नहीं करता था। उसे इस बात का इल्म था कि छुट्टियाँ करने वाले बच्चे पढ़ाई में पीछे रह जाते हैं। अगर कभी बुख़ार की वजह से उसकी तबीयत ख़राब हो जाती तो उसकी अम्मी को ज़बरदस्ती उसकी छुट्टी करवाना पड़ती थी वर्ना वो तो छुट्टी करने पर राज़ी ही नहीं होता था। उसके अब्बू एक प्राईवेट कंपनी में एकाउंटैंट थे और कंपनी का सारा हिसाब-किताब का काम उनके ज़िम्मे था। जिस कंपनी में वो काम करते थे वहाँ गाय-भैंसों का दूध साइंटिफ़िक तरीक़ों से डिब्बों में बंद कर के मुल्क भर में सप्लाई किया जाता था। हफ़्ते के छः दिन उसके अब्बू काम पर होते थे और उन छः दिनों में भी रात को देर से घर आते थे। अपनी इन मसरुफ़ियात की वजह से वो जावेद को ज़्यादा टाइम नहीं दे सकते थे मगर उनको इस बात पर बहुत इत्मीनान होता था कि उनकी सख़्त मेहनत की वजह से उनके घर वालों की ज़िंदगी बग़ैर किसी फ़िक्र के हंसी-खुशी गुज़र रही है। जिस घर में वो रहते थे वो उनका अपना था। वैसे तो उन्हें कंपनी वालों की तरफ़ से ट्रांसपोर्ट की सहूलत हासिल थी, मगर उन्होंने कुछ अरसे पहले एक गाड़ी भी ख़रीद ली थी ताकि जावेद की अम्मी और जावेद को उनकी ग़ैर-मौजूदगी में कहीं आना-जाना हो तो उन्हें किसी क़िस्म की कोई परेशानी न उठानी पड़े। उनको एहसास था कि उन्हें ये सारी आसाइशें उनकी कंपनी की वजह से हासिल थीं, इसलिए वो इज़्हार-ए-तशक्कुर के तौर पर बहुत ज़्यादा दिल लगा कर अपनी ड्यूटी अंजाम देते थे। इतवार या किसी दूसरी छुट्टी वाले दिन जावेद बहुत खुशी महसूस करता था क्योंकि उस रोज़ उसके अब्बू घर पर होते थे। जावेद पूरी कोशिश करता था कि छुट्टी वाले रोज़ सुब्ह-सवेरे उठ कर अब्बू के पास ही जा कर बैठ जाए। उसके अब्बू छुट्टी वाले दिन या तो अख़बार पढ़ते थे या फिर टीवी देखते रहते थे। ऐसे में जावेद अपने खिलौने और छोटी-छोटी कहानियों की किताबें ले कर उनके पास ही क़ालीन पर बैठ जाता था। अब्बू कभी-कभी टीवी या अख़बार से नज़रें हटा कर उसको भी देख कर मुस्कुरा देते। उनकी ये मुस्कुराहट जावेद को बहुत अच्छी लगती थी। वो छुट्टी वाले रोज़ अपने अब्बू से किसी क़िस्म की कोई ज़िद नहीं करता था। उसकी अम्मी ने उसको समझा रखा था कि उसके अब्बू पूरे हफ़्ते ऑफ़िस के कामों में मसरूफ़ रहते हैं, छुट्टी वाला दिन उनके आराम का होता है, इसलिए उनको तंग नहीं करना चाहिए। जावेद अपनी अम्मी की हर बात ग़ौर से सुनता था और उस पर अमल भी करता था। उसने कभी भी अपने अब्बू को बेजा ज़िदों से तंग नहीं किया था। उसके अब्बू कभी-कभी उसे और उसकी अम्मी को घुमाने-फिराने भी ले जाते थे। महीने में एक-आध बार वो लोग बाहर खाना भी खाने जाते थे। आज भी जावेद के अबू ड्राइंग-रूम में टीवी पर अपने पसंदीदा प्रोग्राम से लुत्फ़-अंदोज़ हो रहे थे। खुला हुआ अख़बार उनके हाथ में था, प्रोग्राम के दौरान जब वक़्फ़ा होता और उस वक़्फ़े के दौरान मुख़्तलिफ़ क़िस्म के इश्तिहार दिखाए जाने लगते तो वो अख़बार की तरफ़ मुतवज्जह हो जाते। उस वक़्त जावेद ने अपने खिलौनों की बास्केट में से तमाम छोटी-बड़ी गाड़ियाँ निकाल ली थीं और मुँह से गाड़ी के इंजन की आवाज़ निकाल कर झूट-मूट की रेस लगा रहा था। उसकी अम्मी किचन में खाना बनाने में मसरूफ़ थीं। छुट्टी वाले रोज़ वो बड़ी अच्छी-अच्छी चीज़ें पकाती थीं और इस बात पर बहुत खुश होती थीं कि दोपहर के खाने पर सब साथ होंगे। अचानक इत्तिलाई घंटी की आवाज़ कानों में आई। जावेद के अब्बू चौंक गए।

# प्रिय माँ, प्रणाम

आज मैं आपको यह पत्र लिखने बैठी हूँ, तो मन मे अनगिनत भावनाएँ उमड़ रहीं हैं। अक्सर हम अपने जीवन मे बहुत कुछ महसूस करते है, पर शब्दों में कह नहीं पाते। आज वही सब कुछ लिखना चाहती हूँ, जो शायद कभी सामने बैठकर कह नहीं सकी। यह पत्र सिर्फ शब्द नहीं हैं, यह मेरे अंतर्मन की धड़कनो का एहसास है, जिसमें हर धड़कन में आपका नाम बसा है।

माँ, इस दुनिया मे अगर किसी ने मुझे बिना शर्त प्रेम किया है,तो वह आप थीं। जब मैंने पहली बार आँखें खोली होंगी, तब सबसे पहले आपका चेहरा देखा होगा। जब मैं चलना सीख रहीं थी, तब आपने मेरा हाथ पकड़कर मुझे गिरने से बचाया होगा। जब मैं बोलना सीख रही होंगी, तब आपने ही मुझे पहला शब्द सिखाया होगा। मेरी हर शुरुआत में आप थीं। मेरी हर मुस्कान के पीछे आप थीं, और मेरी हर सफलता की नींव भी आप ही रही हो।

माँ, मुझे याद है कैसे मेरी छोटी-छोटी जरुरतों का ध्यान आपने रखा था। कई बार ऐसा भी हुआ होगा हम सब भाई-बहनों की अच्छी परवरिश देने में आप थक भी गईं होंगी, पर आपने अपनी थकान को हम लोगों को महसूस नहीं होने दिया था। आज जब मैं आपकी जगह पर आ खड़ी हूँ तब मैं आपकी उस थकान को समझ रहीं हूँ। एक बात और जब मैं कभी उदास भी हुई तो आपने मेरे चेहरे के हर भाव को समझ लिया कि मेरे मन मे क्या चल रहा है।

आपने अपने जीवन मे कितने त्याग किये होंगे, शायद मैं कभी पूरी तरह समझ ही नहीं सकी। आपने अपने सपनों को किनारे रखकर मेरे सपनों को सजाया। आपने अपनी खुशियों को रोककर मेरी खुशियों को पूरा करने का प्रयास किया था। माँ, सच हूँ तो आपका ये सारे कर्ज मैं कभी भी चुका नहीं सकती।

जब भी मैंने अपने जीवन मे हार मानने लगतीं हूँ, आपका अक्स मुझे याद आ जाता है। आपकी बातें याद आतीं हैं-हिम्मत मत हारो, सब ठीक होगा। आपके शब्दों में इतना विश्वास होता था कि टूटता हुआ मन भी फिर से मजबूत हो जाता है। दुनिया चाहे कुछ भी कहे, पर माँ का भरोसा इंसान की फिर से खड़ा कर देता है।

माँ, शायद कभी मैं आपसे नाराज भी हुई होंगी, कभी आपकी बातों को समझ नहीं पाई, हो सकता है कभी ऊँची आवाज में जवाब भी दे दिया हो। पर आज सोचती हूँ तो लगता है कि कितनी गलतियाँ कीं मैंने। आपने हर बार मुझे माफ़ किया होगा, हर बार गलती होने के बाद भी गले से लगाया होगा। आपका दिल कितना बड़ा है, यह शायद सिर्फ वही समझ सकता है, जिसने माँ का प्यार पाया हो।

आप मेरे लिये सिर्फ माँ नहीं रहीं, आप मेरी पहली गुरु रही हो, पहली दोस्त, पहली दुनिया। आपने मुझे चलना सिखाया, बोलना सिखाया, सही और गलत में फर्क करना सिखाया, इंसानियत सिखाई, रिश्तों की अहमियत समझाई। अगर आज मुझमें थोड़ी सी भी अच्छाई है, तो वह आपकी परवरिश, संस्कार का परिणाम ही हैं।

अब आप जबसे दूर बहुत दूर देश चली गई हो, तब मैं आपको समझ पा रहीं हूँ, आपकी बहुत याद आती है, आपका प्यार, आपकी आवाज, आपकी डांट, आपकी चिंता-सब कुछ। घर चाहे कितना भी बड़ा क्यों न हो, अगर उसमें माँ न हो तो वह सिर्फ मकान लगता है। घर को घर बनाने वाली माँ ही होती है।

माँ, मैं ईश्वर को हर दिन धन्यवाद करती हूं कि उन्होंने मुझे आपकी कोख से जन्म दिया, आपका साया दिया। दुनिया में हर किसी को माँ का ऐसा प्यार नहीं मिलता। मैं खुद को भाग्यशाली मानती हूँ कि मुझे आपकी गोद मिली, आपका आशीर्वाद मिला।

अंत में -

तेरे आँचल की ओट में

सब कहते है माँ, मैं अब तुम जैसी दिखतीं हूँ। जब तुम्हारे पास थी, तो पापा की बेटी कहलाती थी, उस क्षण स्वयं पर फख्र महसूस करती थी खुद पर कि मैं अपने पापा की बेटी हूँ। वैसे भी बेटियां पापा की ही तो होतीं हैं न माँ। तभी उन्हें भाग्यशाली माना जाता है। जब मुझे पराए घर भेजा, तब वहां पर कहा गया था-अरे, ये तो अपनी माँ जैसी दिखती है, उसे अपने लफ्ज़ों में कैसे बयां करूँ ? एक बार फिर अपने आप पर फख्र महसूस किया था माँ मैंने। और तुमको कितना अपने करीब पाया था उस वक्त मैंने। रहीं हूँ पापा की लाड़ली लेकिन अच्छे संस्कार के बीज तुमने ही पिरोये थे, मेरे अंदर।

एक बात और माँ, मेरे पहली धड़कन भी तो तुम्हारे अंदर ही धड़की थी, इसलिए तो समझती थी न माँ, तुम्हारे हर अहसास को। फिर भी लड़कपन, अल्हड़ता में रहती थी निर्विकार-सी। जीवन के कुछ थपेड़े खाने के बाद आ गई थी फिर तेरे आँचल की ओट में, तब तुम्हीं ने संभाला था मुझे दिया था हर संबल और दिया था हर पल साथ, बन गई थी ढाल तुम मेरी। नहीं उठने दी थी उंगलियां मुझ पर।

जिदंगी के उन हर थपेड़ों से तुमने ही उबारा था मुझे। स्मरण हो रहा है मेरी अल्हड़ता में कई गईं नादानियों का-कभी मैंने भी तुम्हारे तह किये कपड़ों को बिगाड़ा होगा, तब कितना डाँटतीं होंगी न मुझे, अब मैं तुम्हारी जगह पर आ खडी हूँ। महसूस कर रहीं हूँ तुम्हारी परेशानियों को। आज सब कुछ ऐसे ही छोड़ गईं मेरे पास, नहीं हो मेरे पास अब तुम भी, कितना अकेलापन महसूस करतीं हूँ......भुला नहीं पाती तुम्हारी उस गंध को जो तुम्हारी अपनी थी,,,ढूंढती हूँ उसमें तुम्हारे कपड़ों में,,,नहीं खोलती उनकी तह को--इसलिए कि-कहीं उड़ न जाये उसमें से तुम्हारी गंध। सुनो न माँ-

कोई दिन उससे जुड़ा कोई दृश्य
और उनमें उपजे भाव जीवन भर के लिये
कभी न भूलने वाली स्मृतियों में समा जाते है।।

**डॉ. पल्लवी सिंह 'अनुमेहा'**
**लेखिका एवं कवयित्री**
**बैतूल, मध्यप्रदेश**

*माँ, मुझे याद है कैसे मेरी छोटी-छोटी जरुरतों का ध्यान आपने रखा था। कई बार ऐसा भी हुआ होगा हम सब भाई-बहनों की अच्छी परवरिश देने में आप थक भी गईं होंगी, पर आपने अपनी थकान को हम लोगों को महसूस नहीं होने दिया था। आज जब मैं आपकी जगह पर आ खड़ी हूँ तब मैं आपकी उस थकान को समझ रहीं हूँ। एक बात और जब मैं कभी उदास भी हुई तो आपने मेरे चेहरे के हर भाव को समझ लिया कि मेरे मन मे क्या चल रहा है।*

*आपने अपने जीवन मे कितने त्याग किये होंगे, शायद मैं कभी पूरी तरह समझ ही नहीं सकी। आपने अपने सपनों को किनारे रखकर मेरे सपनों को सजाया। आपने अपनी खुशियों को रोककर मेरी खुशियों को पूरा करने का प्रयास किया था। माँ, सच हूँ तो आपका ये सारे कर्ज मैं कभी भी चुका नहीं सकती।*

*जब भी मैंने अपने जीवन मे हार मानने लगतीं हूँ, आपका*

# तमिलनाडु में विजय

बंगाल में भाजपा सरकार के शपथ ग्रहण के बाद अब प्रतीक्षा है अप्रत्याशित चुनाव परिणाम वाले दूसरे राज्य तमिलनाडु में सरकार गठन की। चूंकि टीवीके नेता जोसेफ विजय ने डीएमके से छिटकने वाली कांग्रेस, माकपा, भाकपा, वीसीके और इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग के सहयोग से समर्थन जुटा लिया है, इसलिए उनके मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने में संदेह नहीं। विजय का अभिनेता से नेता बनकर एक तरह से आनन-फानन मुख्यमंत्री पद तक पहुंचना किसी चमत्कार से कम नहीं। उन्होंने दो वर्ष पूर्व अपने दल का गठन किया और पहले ही प्रयास में सत्ता की कुर्सी तक पहुंच गए। उनकी जीत यह बताती है कि तमिलनाडु में फिल्म कलाकारों के प्रति




लोगों की एक अलग तरह की दीवानगी रहती है। इसी के चलते करुणानिधि और एमजीआर से लेकर जयललिता जैसी फिल्मी हस्तियों ने राजनीति में अपनी छाप छोड़ी। फिलहाल यह कहना कठिन है कि विजय मुख्यमंत्री के रूप में कैसी राजनीतिक छाप छोड़ते हैं, क्योंकि उन्हें प्रशासन चलाने का कोई अनुभव नहीं। उनकी सरकार पांच दलों के सहयोग पर टिकी होगी, इसलिए एक अभिनेता के रूप में तमाम लोकप्रियता के बाद भी उनके लिए शासन चलाना बहुत आसान नहीं होगा। यह ठीक है कि तमिलनाडु अपेक्षाकृत एक समृद्ध राज्य है, लेकिन विजय ने जिस तरह थोक के भाव लोक-लुभावन वादे कर रखे हैं, उसे देखते हुए उनके लिए उन्हें पूरा करना आसान नहीं होगा। आखिर आर्थिक दृष्टि से सक्षम तमिलनाडु में नेताओं को इतने अधिक लोक-लुभावन वादे क्यों करने पड़ते हैं? इस प्रश्न के उत्तर में यही अधिक दिखता है कि राज्य का एक तबका अभी भी निर्धनता की परिधि में ही बना हुआ है। यह एक विसंगति ही है। इसमें संदेह है कि रेवड़ियां बांटकर निर्धनता को दूर किया जा सकता है। विजय के मामले में यह भी देखना होगा कि वे द्रविड़ दलों की तरह से ही अपनी राजनीति चलाते हैं या फिर कोई नई राह पकड़ते हैं? द्रविड़ पार्टियों के बारे में यह किसी से छिपा नहीं कि वे हिंदी विरोध के साथ दिल्ली यानी केंद्रीय सत्ता से टकराव मोल लेने की राजनीति करती रही हैं और तमिल अस्मिता के नाम पर तमिलवाद को इस तरह उभारने की भी कोशिश करती रहीं, जैसे यह राज्य शेष देश से विशिष्ट हो।

# तारबंदी योजना से सुरक्षित हुई किसानों की फसल, बढ़ी आय

### ग्राम रथ अभियान में किसानों ने साझा किए अनुभव, आवारा पशुओं से नुकसान में मिली राहत

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(निस)।** ग्रामीण क्षेत्रों में जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी पहुंचाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे ग्राम रथ अभियान के तहत पंचायत समिति रेनवाल क्षेत्र की ग्राम पंचायत इटावा में किसानों ने कृषि विभाग की तारबंदी योजना से मिले लाभ साझा किए। किसानों ने बताया कि योजना के तहत खेतों की तारबंदी होने से उनकी फसलें अब आवारा पशुओं से सुरक्षित हो गई हैं और खेती से होने वाली आय में भी वृद्धि हुई है। ग्राम निवासी मदनलाल, मालीराम, बाबूलाल, सीताराम एवं नाथूराम जाट ने बताया कि वे कृषि और पशुपालन के जरिए परिवार का पालन-पोषण करते हैं, लेकिन पहले खेतों में तारबंदी नहीं होने से आवारा पशु फसलों को नुकसान पहुंचा देते थे। इससे किसानों को आर्थिक हानि उठानी पड़ती थी। किसानों ने बताया कि कृषि विभाग के अधिकारियों से योजना की जानकारी मिलने के बाद उन्होंने तारबंदी योजना के तहत आवेदन किया और विभागीय अनुदान प्राप्त कर खेतों की तारबंदी करवाई। योजना का लाभ मिलने के बाद अब फसलें सुरक्षित हैं और नुकसान में काफी कमी आई है। ग्रामीणों ने कहा कि पहले फसल सुरक्षा को लेकर हमेशा चिंता बनी रहती थी, लेकिन अब राहत मिली है और खेती में सुधार के साथ आय भी बढ़ी है। किसानों ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, राजस्थान सरकार एवं कृषि विभाग का आभार जताते हुए अन्य किसानों से भी सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की है ।

# राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने बालोतरा के आसोतरा, ब्रह्म मंदिर में की पूजा-अर्चना

जयपुर टाइम्स



**जयपुर/बालोतरा(निस)।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे रविवार को बालोतरा जिले के प्रसिद्ध तीर्थ स्थल आसोतरा ब्रह्म मंदिर पहुंचे, जहां उन्होंने विधिवत पूजा-अर्चना कर प्रदेश की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे के मंदिर पहुंचने पर मंदिर ट्रस्ट व स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने पारंपरिक स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने मंदिर परिसर में स्थित शिव धूनी के दर्शन किए तथा माता सावित्री के साथ भगवान ब्रह्मा के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। मंदिर परिसर में पूजा-अर्चना के दौरान वैदिक मंत्रोच्चार एवं धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए गए। राज्यपाल ने मंदिर की धार्मिक एवं ऐतिहासिक महत्ता की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आस्था केंद्र भारतीय संस्कृति और सनातन परंपरा को मजबूत करने का कार्य करते हैं।

# भूतनाथ धाम में गूंजा हर-हर महादेव, विधायक कुलदीप धनकड़ ने पत्नी संग बांधे भंडारे के लड्डू



जयपुर टाइम्स

**विराटनगर(निस)।** स्थानीय कस्बे के जोहड़ा धाम स्थित बाबा भूतनाथ मंदिर परिसर में आयोजित 21 कुण्डीय रुद्र महायज्ञ एवं संगीतमय शिव महापुराण कथा में रविवार को श्रद्धा, भक्ति और सेवा का अद्भुत संगम देखने को मिला। सुबह से ही मंदिर परिसर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ से गुलजार रहा और 'हर-हर महादेव' के जयघोष से पूरा वातावरण शिवमय हो उठा। महायज्ञ में श्रद्धालु दंपत्तियों ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच यज्ञशाला में आहुतियां अर्पित कर परिवार की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। वहीं संगीतमय शिव महापुराण कथा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने कथा श्रवण कर धर्मलाभ प्राप्त किया। कथा पांडाल में देर शाम तक भक्ति रस की सरिता बहती रही रविवार को क्षेत्रीय विधायक कुलदीप धनकड़ भी बाबा भूतनाथ धाम पहुंचे। उन्होंने पत्नी मंजू देवी के साथ विधिवत पूजा-अर्चना कर यज्ञ में आहुतियां दीं तथा क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। इस दौरान विधायक दंपत्ति ने सोमवार को आयोजित होने वाले विशाल भंडारे की तैयारियों में भाग लेते हुए अपने हाथों से लड्डू बांधकर सेवा कार्य किया। विधायक दंपत्ति की सादगी और सेवा भावना की श्रद्धालुओं ने जमकर सराहना की। कथा वाचक डॉ. राम पाठक ने भगवान शिव की महिमा का गुणगान करते हुए श्रद्धालुओं को धर्म, सेवा, सद्भाव और मानव कल्याण का संदेश दिया। शिव भजनों एवं धार्मिक प्रसंगों से श्रद्धालु भाव-विभोर नजर आए। बाबा भूतनाथ मंदिर के महंत जयराम दास त्यागी ने बताया कि धार्मिक आयोजन का समापन सोमवार 11 मई को संत सम्मेलन एवं विशाल भंडारे के साथ होगा। आयोजन समिति द्वारा श्रद्धालुओं के लिए पेयजल, बैठने एवं प्रसादी की समुचित व्यवस्थाएं की गई हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में बाबा भूतनाथ कमेटी, स्थानीय श्रद्धालुओं एवं युवाओं का विशेष सहयोग रहा। मंदिर परिसर को आकर्षक रोशनी एवं भव्य सजावट से सजाया गया, जिससे रात्रि में धाम का दृश्य अत्यंत मनोहारी नजर आया।

# नाले को लेकर तंवर ने उठाए सवाल

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** भाजपा नेता राजकुमार तंवर ने कहा है कि हाल ही में धरने पर पहुंचे विधायक मनोज मेघवाल ने जर्जर नाले का मुद्दा उठाया कि बाई पास रोड़ पर नालों की दुर्दशा हो रही थी, लेकिन उन्होंने नालों के लिए कितने लाख की राशि जारी की। तंवर ने कहा कि आप तो दो बार विधायक रह चुके, आपको पता है कि नाला जर्जर है, फिर भी आपने इस नाले के लिए व्यवस्था करते हुए बजट क्यों नहीं दिया। आप नाले की दुहाई देते हो, लेकिन नाले के लिए विधायक कोटे से राशि स्वीकृति करते। क्योंकि ये समस्या तो सालों से विद्यमान है। इसलिए हमारी विधायक से मांग है कि नाले के लिए अपने कोटे से राशि जारी कर इनकी मरम्मत या नया नाला निर्माण करवाया जाए।

# जन कल्याणकारी योजनाओं को ग्राम स्तर तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम बन रहे ग्राम रथ

जयपुर टाइम्स

**जालोर(निस)।** राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को ग्रामीण अंचलों तक प्रभावी रूप से पहुँचाने के उद्देश्य से जिले में संचालित ग्राम रथ अभियान के तहत रविवार को विभिन्न ग्राम पंचायतों में उत्साहपूर्ण और आकर्षक कार्यक्रम हुए। इस दौरान ग्रामीणों की ओर से प्रसन्नता व्यक्त करते हुए योजनाओं की जानकारी लेने के साथ-साथ इनका लाभ भी लिया जा रहा है।

### इन ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचा ग्राम विकास रथ:



ग्राम रथ अभियान के तहत रविवार को पांथेड़ी, विशाला, तिलोड़ा, सुराणा, दुगावा, सुरावा, लाछीवाड़ गोलिया, नोसरा, निम्बला, सांगड़वा, डावल, परावा, नांदिया, नवापुरा ध्वेचा व वाटेरा ग्राम पंचायत में भ्रमण कर ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी देकर ग्रामीणों को लाभान्वित किया गया। इन गांवों में ग्राम रथ पहुँचते ही ग्रामीणों में खासा उत्साह देखने को मिला और कार्यक्रम स्थल पर लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। इस दौरान 13 विभागों की प्रमुख योजनाओं का डिजिटल माध्यम से जीवंत प्रसारण किया गया। साथ ही मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का संदेश भी ग्रामीणों को सुनाया गया, जिसमें उन्होंने आमजन से योजनाओं का अधिकाधिक लाभ उठाने का आह्वान किया। लोक कला, डिजिटल प्रस्तुति और जनसंवाद से योजनाओं की मिल रही उपयोगी जानकारी ग्राम रथों के साथ कला जत्थों के कलाकारों की ओर से लोकगीतों, भजनों व नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से योजनाओं का रोचक प्रचार-प्रसार किया जा रहा हैं। कलाकारों की प्रभावशाली प्रस्तुतियों ने जहां ग्रामीणों का मनोरंजन किया, वहीं योजनाओं के लाभ और आवेदन प्रक्रिया को भी सरल भाषा में समझाया। विभागीय अधिकारियों ने मौके पर उपस्थित ग्रामीणों को विभिन्न योजनाओं से संबंधित मार्गदर्शिका व प्रचार सामग्री वितरित कर उन्हें जागरूक किया। ग्रामीणों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए ग्राम रथ के साथ विशेष सुझाव पेटिका भी रखी गई, जिसमें ग्रामीणों ने अपने सुझाव और फीडबैक दर्ज कराए। ग्राम रथ अभियान के तहत कृषि, उद्यानिकी, कृषि विपणन, पशुपालन, डेयरी, मत्स्य पालन, सहकारिता, जल संसाधन, उद्योग, ऊर्जा, राजस्व, पंचायती राज, ग्रामीण विकास विभाग की सहभागिता से कृषकों व पशुपालकों सहित ग्रामीणों को विभागीय योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। इस अभियान के अंतर्गत प्रत्येक रथ में एलईडी स्क्रीन के माध्यम से योजनाओं की ऑडियो-वीडियो प्रस्तुति दी जा रही हैं।

### संध्या चौपालों में ग्रामीणों को दी जा रही योजनाओं की जानकारी

ग्राम रथ अभियान के तहत कोरा सहित विभिन्न ग्राम पंचायतों में आयोजित संध्या चौपालों के दौरान लोक कलाकारों की ओर से विविध योजनाओं तथा विशेष कर कृषि, खेती की उन्नत तरीके, खाद का उपयोग, मृदा जांच आदि की जानकारी मनोरंजक तरीके से किए गए संवाद के माध्यम से दी गई। अपनी स्थानीय बोली में मनोरंजन के साथ-साथ महत्वपूर्ण जानकारियाँ ग्रामवासियों को लाभान्वित कर रही है।

# 108 कुंडीय श्रीराम मारुति महायज्ञ में सांसद राव राजेंद्र सिंह और विधायक कुलदीप धनकड़ ने दी आहुतियां

जयपुर टाइम्स

**विराटनगर(निस)।** शहर के निकटवर्ती गांव बजरंगपुरा स्थित झिंडा के बालाजी मंदिर में आयोजित नौ दिवसीय 108 कुंडीय श्रीराम मारुति महायज्ञ में रविवार को श्रद्धा, भक्ति और आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला। नीलका धाम महामंडलेश्वर रामदासजी महाराज व बालाजी मंदिर महंत सांवरमल व्यास के सानिध्य में आयोजित महायज्ञ में दिनभर जय श्रीराम के जयकारों से वातावरण भक्तिमय बना रहा। रविवार को सांसद राव राजेंद्र सिंह और विराटनगर विधायक कुलदीप धनकड़ ने मंदिर पहुंचकर झिंडा के बालाजी महाराज के दर्शन किए तथा विधि-विधान से हवन कुंड में आहुतियां अर्पित कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि और धर्म रक्षा की कामना की। दोनों जनप्रतिनिधियों ने संतों का आशीर्वाद लेकर आयोजन की व्यवस्थाओं की सराहना भी की। आचार्य पीठाधीश डॉ. कृष्ण कुमार शर्मा के निर्देशन में यजमानों ने वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच हवन किया। पूरे आयोजन स्थल पर धार्मिक उत्साह बना रहा और श्रद्धालु भक्ति में सराबोर नजर आए। महायज्ञ के साथ आयोजित श्रीराम कथा में कथावाचक रणवीर शास्त्री ने भगवान शिव और माता पार्वती से जुड़े प्रसंगों का भावपूर्ण वर्णन किया। कथा श्रवण कर श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे और पूरा पंडाल भक्तिरस में डूब गया।

### भंडारे में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़:



महायज्ञ के दौरान आयोजित विशाल भंडारे में करीब 40 हजार श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की। भोजन व्यवस्था में ग्रामीण युवाओं ने सक्रिय सहयोग किया, जबकि महिलाओं ने मंगल गीत गाकर माहौल को और अधिक भक्तिमय बना दिया। आयोजन स्थल पर पेयजल, पार्किंग, सुरक्षा और अन्य व्यवस्थाएं भी सुचारू रूप से संचालित की गईं। बालाजी मंदिर के पुजारी सांवरमल शर्मा ने बताया कि महायज्ञ का उद्देश्य समाज में धार्मिक चेतना, संस्कार और आपसी भाईचारे को मजबूत करना है। वहीं महामंडलेश्वर रामदासजी महाराज ने कहा कि यज्ञ भारतीय संस्कृति की महान परंपरा है, जिससे सकारात्मक ऊर्जा और आध्यात्मिक वातावरण का निर्माण होता है। इस अवसर पर बजरंग युवा उत्थान समिति, हीरामल बाबा समिति सहित विभिन्न सामाजिक व धार्मिक संगठनों ने सेवा कार्यों में सहयोग दिया।

# राज-सेवा का प्रथम स्नेह मिलन व सम्मान समारोह आयोजित

जयपुर टाइम्स




**जयपुर(कास)।** राजधानी के होटल लॉर्ड्स प्लाजा में राजस्थान अनुसूचित जाति व जनजाति एक्सर्विसमैन वेलफेयर एसोसिएशन (राज-सेवा) के तत्वाधान में प्रथम स्नेह मिलन व सम्मान समारोह का आयोजन शनिवार शाम को किया गया, जिसमें राज्य के समस्त जिले के अनुसूचित जाति व जनजाति के भूतपूर्व सैनिकों ने बढ़चढ के भाग लिया। इस अवसर पर गत 2 वर्षो में राजस्थान प्रशासनिक सेवा में चयनित दोनो श्रेणी के 35 से अधिक सदस्यों के सम्मान के साथ ही विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता हासिल करने वाले सभी सदस्यों सहित कार्यक्रम में भाग लिए समस्त सैनिकों का पंचशील व स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर उपस्थित सभी सैनिकों ने अपने अनुभव को भी साझा किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ बी. एल. मीणा (आईपीएस, एडीजी पुलिस कम्प्यूटिंग) ने की जिन्होंने समाज में दोनों वर्गों को एकजुटता के साथ रहने का संदेश दिया। इस अवसर पर उपस्थित विशिष्ट अतिथि सत्यवीर सिंह (रिटायर्ड आईपीएस, अध्यक्ष अम्बेडकर मेमोरियल वेलफेयर एसोसिएशन, राजस्थान व श्रीराम चौरड़िया, अध्यक्ष अनुसूचित जाति जनजाति अधिकारी कर्मचारी संघ (अजाक), जनरल रजिस्ट्रार पूरणमल बेरा व मोटिवेशन स्पीकर महेंद्र कुमार आनंद ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि इस तरह के संगठन से समाज को एक नई ऊर्जा मिलेगी और इस तरह के आयोजन के लिए सभी सदस्यों को शुभकामनाएं दी। साथ ही उन्होंने इस संघ के लक्ष्यों को बड़े स्तर पर ले जाने का भी संदेश दिया जिसमें उन्होंने गरीब, पिछड़े वर्ग व शहीद परिवार के लोगों को आर्थिक और मानसिक रूप से सहायता करने का आह्वान किया। कार्यक्रम की शुरुआत समस्त अतिथियों ने बाबासाहेब की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर की। इस अवसर पर म्यूजिकल इवनिंग का भी आयोजन किया गया।

# भाजपा जिला बैठक में बूथ स्तर तक संगठन मजबूत करने पर जोर

### ग्राम विकास रथ यात्रा, रात्रि चौपाल और प्रशिक्षण वर्ग को लेकर बनी रणनीति

जयपुर टाइम्स




**श्रीगंगानगर(निस)।** भारतीय जनता पार्टी की जिला मासिक बैठक रविवार को भाजपा जिला कार्यालय में जिलाध्यक्ष शरणपाल सिंह की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में संगठन को मंडल और बूथ स्तर तक अधिक मजबूत बनाने, जिला प्रशिक्षण वर्ग, ग्राम विकास रथ यात्रा और रात्रि चौपाल कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से संचालित करने को लेकर विस्तृत मंथन किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष शरणपाल सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं से समाज के प्रत्येक वर्ग को लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत आरोग्य योजना, उज्ज्वला योजना, पीएम किसान सम्मान निधि और पीएम सूर्यघर योजना जैसी योजनाओं ने आमजन के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार भी मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना, मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन अभियान, मुख्यमंत्री युवा रोजगार प्रोत्साहन योजना सहित विभिन्न योजनाओं के माध्यम से प्रदेशवासियों को राहत पहुंचा रही है। बैठक में आगामी संगठनात्मक गतिविधियों, बूथ प्रबंधन, जनसंपर्क अभियान और कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी को लेकर भी चर्चा की गई। नेताओं ने कार्यकर्ताओं से गांव-गांव और बूथ स्तर तक पहुंचकर सरकार की योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचाने का आह्वान किया। इस अवसर पर जिला महामंत्री प्रदीप धेरड़ एडवोकेट, रामावतार यादव, सुरेंद्र गोदारा, जिला उपाध्यक्ष रतन गणेशगढ़िया, चेस्टा सरदाना, आरती शर्मा, शिवप्रकाश तेहरपुरिया, महेंद्र प्रताप मंडा, जिला मंत्री कंचन नायक, डॉ. बिंदिया चौधरी, विजेंद्र भांभू, जसकरण सिंह सरां, क्रांति चुघ, जिला कोषाध्यक्ष हनुमान गोयल, जिला कार्यालय प्रभारी सुशील वर्मा तथा जिला मीडिया संयोजक श्रीचंद चौधरी सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## राजस्थान में आज मनाया जाएगा 'सोमनाथ स्वाभिमान पर्व'

# पीएम मोदी की मौजूदगी में सोमनाथ से होगा लाइव प्रसारण, जयपुर सहित 41 जिलों के शिवालयों में विशेष आयोजन



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास)।** सोमनाथ मंदिर पर हुए प्रथम आक्रमण के 1000 वर्ष और मंदिर पुनर्निर्माण के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सोमवार को देशभर में 'सोमनाथ स्वाभिमान पर्व' मनाया जाएगा। राजस्थान में कला एवं संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशानुसार कला, साहित्य, संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग तथा देवस्थान विभाग के संयुक्त तत्वावधान में राज्य स्तरीय भव्य आयोजन जयपुर स्थित श्री झारखंड महादेव मंदिर में होगा। वहीं प्रदेश के 41 जिलों के प्रमुख शिवालयों में भी विशेष धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। देवस्थान विभाग के आयुक्त लक्ष्मी नारायण मंत्री ने बताया कि गुजरात के सोमनाथ मंदिर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गरिमामयी उपस्थिति में आयोजित राष्ट्रीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी किया जाएगा। राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा श्रद्धालुओं को संबोधित करेंगे। कार्यक्रम के तहत शिव स्तुति, भजन-कीर्तन, कलश यात्रा, भगवान शिव का विशेष श्रृंगार, पूजा-अर्चना, महाआरती एवं प्रसाद वितरण जैसे आयोजन होंगे। राज्य सरकार ने इस पर्व को सनातन संस्कृति, राष्ट्रीय स्वाभिमान और भारतीय गौरव से जोड़ते हुए व्यापक स्तर पर तैयारियां की हैं। रविवार को श्री झारखंड महादेव मंदिर परिसर में देवस्थान विभाग आयुक्त लक्ष्मी नारायण मंत्री, जयपुर जिला कलेक्टर सन्देश नायक, राज्य नोडल अधिकारी अनुराधा गोगिया सहित अधिकारियों की मौजूदगी में तैयारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। अधिकारियों ने बताया कि कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पूर्ण कर ली गई हैं। देवस्थान विभाग ने प्रदेशवासियों से अपील की है कि वे अपने निकटतम शिवालय में आयोजित कार्यक्रमों में भाग लेकर इस ऐतिहासिक पर्व के साक्षी बनें।

## आधी रात तक जागा टेवाली गांव, मंत्री के सामने खुलकर बोली जनता

# रात्रि चौपाल में मंत्री जोराराम कुमावत ने मौके पर अफसरों को दिए निर्देश, बोले- अब फाइलों में नहीं दबेंगी समस्याएं

जयपुर टाइम्स

**सुमेरपुर(निस)।** सुमेरपुर विधानसभा क्षेत्र का टेवाली गांव शनिवार रात लोकतंत्र की जीवंत चौपाल बन गया, जहां ग्रामीणों ने देर रात तक खुलकर अपनी समस्याएं और सुझाव रखे। पशुपालन, गोपालन, डेयरी एवं देवस्थान विभाग के कैबिनेट मंत्री और स्थानीय विधायक जोराराम कुमावत ग्रामीणों के बीच बैठकर उनकी समस्याएं सुनते रहे और मौके पर अधिकारियों को समाधान के निर्देश देते नजर आए।



रात्रि चौपाल में बिजली, पानी, सड़क, पशुपालकों की समस्याएं, सामाजिक सुरक्षा और अन्य जनहित मुद्दे प्रमुखता से उठाए गए। मंत्री कुमावत ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि अब ग्रामीणों की समस्याएं फाइलों में दबकर नहीं रहेंगी, बल्कि उनका त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाएगा।

ग्रामीणों से सीधे संवाद करते हुए मंत्री ने कहा कि ग्राम रथ अभियान सरकार और गांवों के बीच भरोसे का मजबूत पुल बन चुका है। सरकार की मंशा है कि गांव का अंतिम व्यक्ति भी योजनाओं का लाभ प्राप्त करे और उसकी आवाज सीधे सरकार तक पहुंचे।

कार्यक्रम के दौरान डिजिटल स्क्रीन पर विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाइव प्रदर्शन किया गया। शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, सामाजिक सुरक्षा और पशुपालन से जुड़ी योजनाओं की जानकारी मिलने पर ग्रामीणों ने उत्साह दिखाया। वहीं चौपाल में रखी गई सुझाव पेटिका भी आकर्षण का केंद्र रही, जिसमें ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं और सुझाव लिखकर सरकार तक पहुंचाने की पहल की। रात गहराने के बावजूद चौपाल में ग्रामीणों का उत्साह बना रहा। महिलाओं, युवाओं और बुजुर्गों ने बड़ी संख्या में भाग लेकर मंत्री के साथ सीधा संवाद किया। ग्रामीणों ने मंत्री के बीच बैठकर समस्याएं सुनने के अंदाज को 'जनता के बीच की राजनीति' बताया।

इस अवसर पर प्रधान प्रतिनिधि पुखराज पटेल, जिला उपाध्यक्ष पूनम सिंह परमार, प्रशासक जोगाराम कुमावत, मंडल अध्यक्ष मनोहरलाल सीरवी, पूर्व मंडल अध्यक्ष शंकर सिंह राजपुरोहित सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि और ग्रामीण उपस्थित रहे।

## मातृत्व दिवस पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** शहर के श्री भारतीय आदर्श विद्यापीठ में मातृ दिवस धूमधाम से मनाया गया। कला, अभिनय, नृत्य और गायन के समिश्रित विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। नृत्य प्रतियोगिता में सरिता प्रथम, खुशी द्वितीय व पूनम तृतीय स्थान पर रही। गायन प्रतियोगिता में हर्षिता प्रथम, अविका द्वितीय व पूनम तृतीय स्थान पर रही। आर्ट एवं क्राफ्ट प्रतियोगिता में कीर्ति दहिया व मोनिका राठोर संयुक्त रूप से प्रथम स्थान पर, भूमिका द्वितीय स्थान पर, तृतीय स्थान पर निकिता सैनी रही। विजेताओं को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। गर्ल्स विंग प्रभारी राधा सारस्वत, प्रतियोगिता प्रभारी भावना मीणा, सुनीता शर्मा, मनीषा गौड़ ने मातृ दिवस के महत्व व माताओं के त्याग, समर्पण पर अपने विचार रखते हुए माताओं को वंदनीय, अभिनंदनीय बताया। संचालन कृष्णा कौशिक व पूजा जाट ने किया।

## सामान्य ज्ञान परीक्षा में विद्यार्थियों ने दिखाया उत्साह



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** तहसील के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय भादासर दिखनादा में एक नवाचार करते हुए कक्षा 6 से 12 में अध्ययनरत बालक -बालिकाओं की सामान्य ज्ञान त.च की परीक्षा आयोजित की गई। जिसके प्रभारी वरिष्ठ प्रधानाध्यापक सुशील निर्वाण रहे। इनके मार्गदर्शन में लगभग 70 बच्चों ने परीक्षा में भाग लिया। परीक्षा संयोजक ने बताया कि परीक्षा में प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को आगामी कार्यक्रम में पारितोषिक प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा।प्रधानाचार्य इंद्राज सिंह मीणा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज के इस प्रतिस्पर्धा के युग में विद्यार्थियों में सामान्य ज्ञान व समसामयिकी का ज्ञान होना नितांत आवश्यक है। यह प्रतियोगी परीक्षा आगे भी सालभर चलती रहेगी। स्टाफ सदस्य पवन कुमार, किशोर कुमार, जगदेवाराम, दयाचंद, मुन्नी नाथ, दिव्या, सुशीला कुमारी, शंकर लाल ने इस परीक्षा में सहयोग प्रदान किया।

## नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का ग्रामीणों ने उठाया लाभ



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** तहसील के सवाई बड़ी गांव स्थित पंचायत भवन में रविवार को नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। श्री पांचीराम पींचा अतिथि भवन व पूजा स्थल सरदारशहर के आर्थिक सौजन्य से आयोजित निशुल्क चिकित्सा शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने ने स्वास्थ्य लाभ लिया। शिविर में हड्डी व जोड़ रोग विशेषज्ञ डॉ अजीत चौधरी, होमियोपैथीक फिजिशियन डॉ बीना शर्मा, दंत रोग विशेषज्ञ डॉ अमित बैद, फिजियोथैरेपिस्ट डॉ महेंद्र सुथार ने अपनी सेवाएं दी। सफल आयोजन पर नवयुवक मंडल सवाई बड़ी ने शिविर में सेवा देने वाली टीम को साफा व दुपट्टे से सम्मानित कर आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विप्र फाउंडेशन नगर अध्यक्ष नरेंद्र सिंह, नवयुवक मंडल अध्यक्ष लीलाधर राजपुरोहित, रामूराम मेघवाल, ओमप्रकाश जागरवाल, नत्थुराम कालवाणिया, श्रवण सिंह आदि अनेक ग्रामीण उपस्थित रहे।

## देशी कट्टा व कारतूस के साथ एक युवक गिरफ्तार

जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निस)।** गश्त के दौरान पुलिस ने शनिवार की देर रात 25 वर्षीय युवक के पास से एक देशी कट्टा व कारतूस बरामद किया है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर आर्म्स एक्ट में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि एएसआई राजेंद्रसिंह मय जाप्ता शनिवार की रात गश्त कर रहे थे। जब वे संगम चौराहा पहुंचे, तो मुखबिर से सूचना मिली कि एक युवक के पास अवैध हथियार है, वह भागने की फिराक में है। सूचना पर पुलिस तहसील के गांव भोजासर पहुंची, तो वहां पर एक युवक पुलिस को देखकर भागने का प्रयास करने लगा। पुलिस ने सजगता दिखाते हुए युवक को पकड़कर नाम पता पूछा, तो उसने अपना नाम 25 वर्षीय सुखबीर सिंह पुत्र कानसिंह राजपूत निवासी भोजासर बताया। जब भागने का कारण पूछा, तो वह संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया, जिस पर पुलिस ने उसकी तलाशी ली। तलाशी के दौरान युवक के पास एक देशी कट्टा व कारतूस बरामद हुआ, जिस पर पुलिस ने इन्हें जब्त कर युवक को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट में मामला दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी है।

# लक्ष्मणगढ़ में निशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर आयोजित

जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ़(निस)।** लोक सेवा ज्ञान मंदिर ट्रस्ट व शंकरा आई हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को न्यू टैगोर पब्लिक स्कूल परिसर में निशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन व नेत्र जांच शिविर आयोजित किया गया। शिविर में क्षेत्रभर से पहुंचे मरीजों का नेत्र परीक्षण किया गया, जिसमें 95 मरीजों का पंजीकरण हुआ। जांच के बाद 15 मरीजों का जयपुर में निशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चयन किया गया, जबकि अन्य मरीजों को दवाइयां देकर एक माह बाद पुनः जांच के लिए बुलाया गया।शिविर का शुभारंभ



शांतिनाथ महाराज ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने कहा कि किसी व्यक्ति की आंखों की रोशनी लौटाना सबसे बड़ा पुण्य कार्य है। ट्रस्ट के संरक्षक सुभाष जोशी ने बताया कि ट्रस्ट सामाजिक सरोकारों से जुड़े सेवा कार्यों में लगातार सक्रिय है तथा यह नेत्र शिविर प्रत्येक माह के दूसरे रविवार को नियमित रूप से आयोजित किया जाएगा। शंकरा आई हॉस्पिटल जयपुर के प्रतिनिधि राकेश कुमार ने बताया कि चयनित मरीजों के ऑपरेशन, दवाइयां, चश्मा, रहने-खाने व आवागमन की संपूर्ण व्यवस्था निशुल्क रहेगी। शिविर में चिकित्सकों व मेडिकल टीम ने सेवाभाव के साथ मरीजों की जांच की, जिसकी लोगों ने सराहना की। इस मौके पर लोक सेवा ज्ञान मंदिर ट्रस्ट के संरक्षक सुभाष जोशी, दीनदयाल जोशी, प्रकाश पासोरिया, गिरधारी लाल जाजोदिया, यादव शास्त्री, ट्रस्ट के अध्यक्ष श्याम सुंदर शर्मा, प्रभारी राजेंद्र कुमार शर्मा, दिव्यांग प्रकोष्ठ प्रभारी कमल कुमावत, रामपाल कुमावत, अमित सोनी, सुनील कुमार माली, नासिर तगाला, रमेश छिंछासवाला, पवन कस्वा, न्यू टैगोर स्कूल के संचालक महेंद्र घासोलिया, स्कूल प्रधानाचार्य कांता देवी घासोलिया, राम प्रसाद जड़िया, शशि प्रकाश कुमावत, मोनू कुमावत, अश्विनी घासोलिया, वरुण शर्मा, यश जैन, आर्यन कुमावत, अल्ताफ खत्री, महावीर जांगिड़, एडवोकेट महेश शर्मा शंकरा आई हॉस्पिटल टीम में डॉक्टर. हिमांशी, दीपक वर्मा शिविर प्रभारी राकेश कुमार, निशा, तन्नू, एकता, भंवर सिंह, गिरधारी सहित ट्रस्ट के अनेक संरक्षक पदाधिकारी, कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## भाजपा एससी मोर्चा प्रदेश प्रवक्ता बाबूलाल कुलदीप ने विधायक मनोज मेघवाल पर साधा निशाना

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(निस)।** भाजपा एससी मोर्चा के प्रदेश प्रवक्ता बाबूलाल कुलदीप ने रविवार को सतगुरु होटल में आयोजित प्रेस वार्ता में विधायक मनोज मेघवाल और कांग्रेस नेताओं पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने सीवरेज कार्यों, नाला सफाई और टेंडर प्रक्रिया में कथित अनियमितताओं को लेकर सवाल उठाते हुए पूरे मामले की जांच कराने की मांग की। कुलदीप ने कहा कि नगर परिषद के बाहर चल रहे धरने के दौरान विधायक मनोज मेघवाल मीडिया के सवालों का संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए। उन्होंने आरोप लगाया कि जब-जब सिवरेज से जुड़े सवाल पूछे गए, विधायक ने बात को घुमाने का प्रयास किया। उन्होंने कहा कि भाजपा शासनकाल में उनके सभापति और उपसभापति रहते हुए हुए कार्यों की भी जांच करवा ली जाए और कांग्रेस के सभापति कार्यकाल की भी निष्पक्ष जांच कराई जाए, जिससे स्पष्ट हो जाएगा कि भ्रष्टाचार किसके कार्यकाल में हुआ। कुलदीप



ने आरोप लगाया कि पूर्व सभापति निलोफर के कार्यकाल में हर बार बारिश से पहले नाला सफाई के टेंडर देरी से किए गए, जबकि वर्तमान प्रशासक के कार्यकाल में फरवरी माह के अंत तक टेंडर जारी कर दिए गए। उन्होंने सवाल उठाया कि आखिर पांच वर्षों तक नाला सफाई के टेंडर समय पर क्यों नहीं किए गए। भाजपा नेता ने कहा कि मनोज मेघवाल दो बार विधायक बनने के बावजूद आज तक सीवरेज कार्यों में कथित भ्रष्टाचार की जांच नहीं करवा पाए। उन्होंने कहा कि जनता जानना चाहती है कि आखिर कौन-सी सच्चाई छुपाई जा रही है और इसमें किसकी क्या भूमिका रही। कुलदीप ने कांग्रेस नेताओं पर टेंडरों के माध्यम से वसूली करने के गंभीर आरोप भी लगाए। उन्होंने कहा कि भाजपा शासन में कांग्रेस नेताओं को भी टेंडर मिले हैं, जो सरकार की पारदर्शिता को दर्शाता है। हालांकि उन्होंने आरोप लगाया कि संबंधित ठेकेदार ने अब तक कार्य शुरू नहीं किया, इसलिए उसकी फर्म को ब्लैकलिस्ट किया जाना चाहिए। उन्होंने कांग्रेस पर दलित वर्ग को भ्रमित करने का आरोप लगाते हुए कहा कि ग्रीन स्पेस क्षेत्र में पहले से ही बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा स्थापित करने की योजना तय है। साथ ही उन्होंने कहा कि नेहरू पार्क का जीर्णोद्धार भामाशाहों के सहयोग से कराया गया है और यह पार्क हमेशा जनता का ही रहेगा। प्रेस वार्ता के दौरान भाजपा कार्यकर्ता और पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

## योगाचार्य सुमित्रा को किया सम्मानित



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** डीडवाना कुचामन के लाडनू में आयोजित 7वीं योगासन चैम्पियनशिप में सुजानगढ की योगाचार्य सुमित्रा जोगी ने निर्णायक की भूमिका निभाई। इनके साथ में कुलदीप सैन, जयदीप सिंह राठौड़, चित्रा बागड़ा, उमा सैन, भगवती जांगिड, कौशल भोजक मौजूद रहे। प्रतियोगिता में उमा सैन ने रजत पदक, शीतल मिश्रा ने रजत पदक जीतकर सुजानगढ का नाम रोशन किया है। एसोसिएशन के सचिव डॉ दशरथ सिंह आभार व्यक्त किया। अतिथि गजेंद्रसिंह, प्रद्युम्न सिंह ने योगाचार्य सुमित्रा को सम्मानित किया।

## पार्क में पं. नेहरू की मूर्ति फिर से स्थापित हो: अजय ढ़ेनवाल

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** गांधी चैक स्थित पार्क में बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर, महाकवि कन्हैयालाल सेठिया, स्वतंत्रता सेनानी पंडित गिरीशचन्द्र की मूर्तियां लगवाने की मांग को लेकर नगरपरिषद के बाहर चल रहा धरना लगातार सातवें दिन भी जारी रहा। हाल ही में भाजपा एससी मोर्चा के प्रदेश



प्रवक्ता बाबूलाल कुलदीप की ओर से लगाए गए आरोपों का जवाब देते हुए धरनार्थी अजय ढ़ेनवाल ने कहा कि हमें कोई टेंडर नहीं चाहिए, आप चाहे जिसको टेंडर दिलवाओ, आप चाहो तो टेंडर केंसिल करवाओ या फिर अपनी मनमर्जी की फर्मो को दिलवाओ। हमारी लड़ाई केवल महापुरूषों के मान सम्मान की है। वहीं ढ़ेनवाल ने आरोप लगाते हुए कहा कि एक भाजपा नेता ने ये तो बताया कि पार्क 1967 में बना था, लेकिन ये नहीं बताया कि जबसे पार्क आपने अपने मित्रों को अलॉट करवाया, तब से उसमें लगी देश के प्रथम प्रधानमंत्री व स्वतंत्रता सेनानी पं. जवाहरलाल नेहरू की मूर्ति कहां है। ढ़ेनवाल ने प्रशासन से मांग की है कि पंडित नेहरू की मूर्ति को फिर से इस पार्क में स्थापित किया जाए और जिन लोगों ने मूर्ति को छुपाया, उनके खिलाफ कार्यवाही की जाए। दूसरी ओर धरनार्थी इकबाल खां कायमखानी ने बताया कि बार-बार ग्रीन स्पेस पार्क में मूर्ति लगाने की बात को लेकर जनता को गुमराह किया जा रहा है, जबकि ग्रीन स्पेस पार्क में अब दांडी मार्च की मूर्तियां बन रही है, जिससे वो जगह कवर हो गई है। अब वहां पर मूर्ति लगाने की बजाय गांधी चैक में लगाया जाना जायज होगा। लेकिन ये समझ में नहीं आ रहा कि कुछ लोगों को स्वतंत्रता सेनानियों और महापुरूषों की मूर्तियों से क्या एलर्जी है। उन्होंने महापुरूषों के सम्मान में आम लोगों से आगे आने की अपील की। धरने पर तरूण सियोता, अरविंद, बिलाल, मुकेश गोयल, सोहिल गोपालपुरिया आदि लोग मौजूद रहे।

## गीता क्लास में किया जनेऊ संस्कार पोस्टर का विमोचन

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** स्थानीय भास्कर भवन में सराफ फाउंडेशन की ओर से संचालित गीता क्लासेज में रविवार को आगामी चार दिवसीय नि:शुल्क जनेऊ (यज्ञोपवीत) संस्कार कार्यक्रम के पोस्टर का विमोचन किया गया। इस दौरान बच्चों को सनातन धर्म के महत्व और संस्कारों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम संयोजक संजय सिंघानिया ने बताया कि आगामी 16 से 20 जून तक गीता भवन में नि:शुल्क जनेऊ संस्कार कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। सिंघानिया ने बताया कि जिन बच्चों का यज्ञोपवीत संस्कार करवाना है, उनके अभिभावक गीता क्लासेज कार्यालय में संपर्क कर पंजीकरण फॉर्म भर सकते हैं। इसके साथ ही 12 जून को आयोजित होने वाले राम-राम महाजप में बच्चों को शामिल होने के लिए प्रेरित किया। नियमित कक्षा के दौरान आचार्य जनार्दन, हर्षित सोनी और माधुरी शर्मा ने बच्चों को पंचामृत के महत्व, पांच विशेष श्लोक और स्वामी जी की आवाज में प्रार्थना



का अभ्यास कराया। बच्चों ने श्रद्धा के साथ गीता के 12वें अध्याय का पाठ किया और गजल व गीतों की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का समापन सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ से हुआ। इस अवसर पर नन्हीं गरिमा जांगिड़ का जन्मदिन केक काटकर और मिठाई खिलाकर मनाया गया। संस्था की ओर से जरूरतमंद बच्चों को उपहार भेंट किए। इस अवसर पर खुशी सैनी, पूनम शर्मा, दिव्या शर्मा, लीलाधर कत्थक, अभिजीत सिंह शेखावत सहित अनेक कार्यकर्ता व बच्चे उपस्थित रहे । कार्यक्रम का संचालन में मोहित सिंघानिया ने किया।

## बीमा कंपनियां सिर्फ मुनाफा नहीं, न्याय भी करें



जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निस)।** जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग झुंझुनूं ने यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस कंपनी को एक परिवादी को 4.19 लाख रुपए 9 प्रतिशत वार्षिक ब्याज सहित भुगतान करने के आदेश दिए हैं। आयोग ने कहा कि बीमा कंपनियों को केवल मुनाफे की चिंता नहीं करनी चाहिए, बल्कि उपभोक्ताओं के साथ न्यायसंगत व्यवहार भी करना चाहिए। मामले के अनुसार कुलोठ खुर्द निवासी रमजान ने अपनी बोलेरो का बीमा यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस कंपनी से करवाया था। 19 मार्च 2017 को वाहन दुर्घटनाग्रस्त होकर पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। क्लेम पेश करने पर कंपनी ने यह कहते हुए दावा खारिज कर दिया कि दुर्घटना के समय वाहन में क्षमता से अधिक सवारियां थीं। आयोग के अध्यक्ष मनोज कुमार मील और सदस्य प्रमेंद्र कुमार सैनी की बेंच ने सुनवाई के दौरान माना कि बीमा कंपनी यह साबित नहीं कर सकी कि दुर्घटना का मुख्य कारण ओवरलोडिंग ही थी। आयोग ने कहा कि केवल अधिक सवारियां होने के आधार पर क्लेम निरस्त नहीं किया जा सकता, जब तक यह साबित न हो कि दुर्घटना का सीधा संबंध उसी से था। आयोग ने सर्वेयर रिपोर्ट के आधार पर परिवादी को 4.19 लाख रुपए क्षतिपूर्ति राशि, परिवाद दायर करने की तिथि 23 अगस्त 2018 से 9 प्रतिशत ब्याज, 55 हजार रुपए मानसिक संताप हर्जाना तथा 5,500 रुपए वाद खर्च देने के निर्देश दिए हैं। साथ ही निर्धारित समय में भुगतान नहीं करने पर 12.5 प्रतिशत वार्षिक ब्याज देने के आदेश भी दिए गए हैं।

## तारानगर क्षेत्र की ग्राम पंचायत राजपुरा पहुंचा ग्राम रथ

जयपुर टाइम्स

**तारानगर(निस)।** सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचाने के उद्देश्य से संचालित किए जा रहे ग्राम रथ अभियान अंतर्गत ग्राम रथ रविवार को तारानगर विधानसभा क्षेत्र की राजपुरा ग्राम पंचायत मुख्यालय पहुंचा। जनप्रतिनिधि व अधिकारियों ने ग्राम रथ का स्वागत किया और आमजन को सरकार की योजनाओं से जागरूक करवाया। इस अवसर पर सूरजगढ़ के पूर्व विधायक सुभाष पूनियां ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश सरकार गांव, गरीब और किसान केंद्रित विकास की भावना के साथ कार्य कर रही है। ग्राम रथ अभियान इसी सोच का परिणाम है, जिसका उद्देश्य अंतिम पंक्ति में बैठे व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि अभियान की महत्वपूर्ण विशेषता सुझाव पेटिका है, जिसके माध्यम से ग्रामीण अपनी समस्याएं और सुझाव सीधे सरकार तक पहुंचा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार के संकल्पित प्रयासों से राजस्थान संपर्क हेल्पलाइन 181 पर प्राप्त



शिकायतों का त्वरित निस्तारण किया जा रहा है तथा ग्राम रथ अभियान के तहत प्रशासन द्वारा मौके पर ही समस्याओं के समाधान के प्रयास किए जा रहे हैं। अभियान के दौरान कला जत्थों और स्थानीय लोक कलाकारों ने आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से ग्रामीणों को जागरूक किया गया और सरकारी योजनाओं से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता महावीर पूनियाँ, विकास अधिकारी अशोक कुमार, सहायक विकास अधिकारी टीकूराम मीणा, श्याम सुन्दर शर्मा, प्रशासक शिवराम सिंह सिहाग, ग्राम विकास अधिकारी दशरथ यादव सहित काफी जनप्रतिनिधि व ग्रामीण उपस्थित रहे।

## भाजपा ने किया मातृ शक्ति का सम्मान



जयपुर टाइम्स

**सीकर(निस)।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन के निर्देशानुसार मंडल की मासिक बैठक मंडल कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष प्रदीप अग्रवाल ने की। मंडल महामंत्री महावीरप्रसाद सैन ने बताया कि कार्यक्रम में मातृशक्ति का सम्मान किया गया। मातृशक्ति में महक अग्रवाल, नीरज अग्रवाल शालिनी माथुर, सपना जैन, कुमकुम माथुर का सम्मान किया गया। मीटिंग में मंडल उपाध्यक्ष महेंद्र डीडवानिया, तेजपाल शर्मा, नरेश सैन, शालिनी माथुर, सपना जैन, कोषाध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल, मंत्री कुमकुम माथुर, गोकुलचंद माथुर, महेंद्र चौधरी, मनोज माथुर, भगवती प्रसाद बिल्खीवाल, राजेंद्र सिंह कर्णावत, कपिल बियानी सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। बैठक के पश्चात महिला पदाधिकारियो को मातृत्व दिवस की बधाई देकर उनका सम्मान किया गया।

## पुण्यतिथि पर किया रक्तदान, टेलेंट सर्च परीक्षा अयोजित

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** स्मॉल वंडर स्कूल के संस्थापक व चिकित्सक डॉ सुशील शर्मा की चौथी पुण्यतिथि पर अनेक कार्यक्रम आयोजित किए गए। राजकीय डीबी अस्पताल में रक्तदान शिविर आयोजित हुआ। संयोजक सचिन शर्मा ने बताया कि उनके परिजनों व शुभचिन्तकों ने बढ़चढ़ कर रक्तदान किया। स्मॉल वंडर चिल्ड्रन एकेडमी में टेलेंट सर्च एग्जाम आयोजित हुआ। प्रतियोगिता में 70 अभ्यर्थियों ने भाग लिया। परीक्षा संयोजक अनीता शर्मा ने बताया कि परीक्षा में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने के अलावा 11 अन्य टॉपर्स को भी नगद पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे।



राज्य जयपुर टाइम्स

जयपुर, सोमवार
11 मई, 2026

# मदर्स डे पर आरएसी परिसर में बांधे परिंडे

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** मदर्स डे के अवसर पर नया दर्शन संस्था की ओर से डॉ. नरेंद्र कुमार शर्मा की प्रेरणा से आरएसी परिसर में पक्षियों के लिए परिंडे बांधने का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सहायक कमांडेंट सुरेश सांखला मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर सहायक कमांडेंट सुरेश सांखला ने कहा कि भीषण गर्मी के समय प्रत्येक व्यक्ति को अपने घर व आसपास के छायादार स्थानों पर पक्षियों के लिए परिंडे बांधने चाहिए तथा उनमें नियमित रूप से पानी की व्यवस्था करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम में पानी के अभाव में बड़ी संख्या में पक्षियों की मृत्यु हो जाती है, जिन्हें जनजागरूकता और छोटे-छोटे प्रयासों से बचाया जा सकता है। उन्होंने आरएसी जवानों से परिंडों की नियमित देखभाल करने व उनमें निरंतर पानी उपलब्ध कराने की अपील की। नया दर्शन संस्था के अध्यक्ष चंद्र मोहन पाराशर एडवोकेट ने बताया कि संस्था की ओर से प्रतिवर्ष परिंडे बांधने का अभियान चलाया जाता है। इस वर्ष संस्था ने 151 परिंडे बांधने का लक्ष्य निर्धारित किया है। कार्यक्रम में कंपनी कमांडर हरि सिंह, हेड कांस्टेबल भगवान दास, शैलेंद्र सिंह, राम अवतार, हीरा बहादुर व राम विलास सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। संस्था के सचिव रंजीत दिवाकर ने सभी अतिथियों व उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त किया।



# परचून की दुकान से लाखों की चोरी का खुलासा, विधि से संघर्षरत बालक निरुद्ध

## निहालगंज थाना पुलिस ने 3.65 लाख रुपए किए बरामद, सीसीटीवी फुटेज से मिला सुराग

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** निहालगंज थाना पुलिस ने परचून की दुकान से लाखों रुपए चोरी करने की वारदात का खुलासा करते हुए एक विधि से संघर्षरत बालक को निरुद्ध किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से चोरी की रकम में से 3 लाख 65 हजार रुपए बरामद किए हैं। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान आईपीएस के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक वैभव शर्मा तथा वृत्ताधिकारी शहर कृष्णराज जांगिड़ के निकटतम सुपरविजन में थाना निहालगंज प्रभारी अमित शर्मा के नेतृत्व में की गई। पुलिस के अनुसार परिवादी रामसेवक सिंह पुत्र महेंद्र सिंह निवासी गुरुद्वारा रोड, धौलपुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उनकी परचून की दुकान में वीसी के 5 लाख 55 हजार रुपए रखे हुए थे। 26 अप्रैल की सुबह करीब 4 बजे जब वह दुकान पर पहुंचे तो सामान बिखरा पड़ा मिला और नकदी से भरी पॉलीथिन गायब थी। चोर रात के समय दुकान से रुपए चोरी कर ले गए थे। मामला दर्ज होने के बाद पुलिस ने चोरी की वारदात का खुलासा करने के लिए विशेष टीम गठित की। टीम ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली और संदिग्ध लोगों से पूछताछ की। लगातार प्रयासों और मुखबिर की सूचना के आधार पर पुलिस ने 9 मई को वारदात में शामिल विधि से संघर्षरत बालक को निरुद्ध कर लिया। पूछताछ के दौरान उसकी निशानदेही पर चोरी की रकम में से 3 लाख 65 हजार रुपए बरामद किए गए। पुलिस अब शेष राशि और मामले से जुड़े अन्य पहलुओं की जांच में जुटी हुई है।

# रुक्टा का 46 वाँ संवैधानिक प्रांतीय अधिवेशन 14-15 जून को जयपुर में होगा



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास)।** राजस्थान विश्वविद्यालय व महाविद्यालय शिक्षक संघ ( रूक्टा) की विस्तारित कार्यकारिणी की मीटिंग रविवार को देराश्री शिक्षक सदन में आयोजित हुई। मीटिंग की अध्यक्षता रुक्टा अध्यक्ष प्रोफेसर रघुराज परिहार द्वारा की गई। मीटिंग में निम्नलिखित प्रस्तावों पर चर्चा करते हुए निम्न निर्णय किए- सर्वप्रथम महामंत्री डॉ बनय सिंह ने पूर्व मीटिंग की कार्रवाई को ब्यौरा प्रस्तुत किया ,जिसका सभी ने सर्वसम्मति से अनुमोदन किया। रूक्टा के आगामी अधिवेशन की दिनांक व स्थान पर चर्चा की गई। सर्वसम्मति से 14 व 15 जून को जयपुर में अधिवेशन आयोजित करने का निर्णय लिया गया। जिसमें अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव सचिन पायलट, पीसीसी चीफ गोविंद सिंह डोटासरा व नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जुली को आमंत्रित किया जाएगा। अधिकाधिक शिक्षक साथियों का पंजीकरण करवाने के लिए संभाग स्तरीय समितियां बनाने का निर्णय किया गया। प्रोफेसर घासीराम चौधरी ने AIFUCTO के एजेंडे की पर और राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का विरोध करने का आह्वान किया। मीटिंग में टीचिंग एसोसियेट भर्ती का विरोध करने का प्रस्ताव पास किया। इस मुद्दे पर संगठन की ओर से शीघ्र ही धरना-प्रदर्शन आयोजित करने का निर्णय लिया गया। देराश्री शिक्षक सदन प्रभारी प्रो. के.एल. सिराधना ने 50 किलोवाट को सोलर पैनल देराश्री शिक्षक सदन में लगवाने का प्रस्ताव रखा जिस पर सभी ने सहर्ष सहमति प्रदान की। रूक्टा महामंत्री डॉ बनय सिंह को AIFUCTO का उपाध्यक्ष बनाये जाने पर कार्यकारिणी ने हर्ष जाहिर किया।


## सार्वजनिक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पैन कार्ड एवं आधार कार्ड में मेरा नाम Nitin Kumar Chouhan S.O. Mangal Singh Chouhan अंकित है, जबकि स्कूल एवं कॉलेज के शैक्षणिक दस्तावेजों में मेरा नाम Nitin Kumar Chauhan दर्ज है।
अतः भविष्य में मुझे Nitin Kumar Chouhan के नाम से ही जाना एवं पहचाना जाए। दोनों नाम एक ही व्यक्ति के हैं।
दिनांक : -10 अप्रेल 2026
स्थान : -फुलेरा

**सूचनाकर्ता**
**Mob:- 8875620041**
**(Nitin Kumar Chouhan s.o. Mangal Singh Chouhan plot 15 Jagdamba colony district Jaipur Rajasthan**


# गौ सेवा समाज और मानवता के प्रति हमारी जिम्मेदारी: गोपालन मंत्री

## जोराराम कुमावत ने गौशाला में सहयोग देने वाले भामाशाहों का किया सम्मान

जयपुर टाइम्स

**जयपुर/सुमेरपुर(निस)।** विधानसभा क्षेत्र बाली के गांव भाटूंड़ की श्री कृष्ण गौ-सेवा संस्था (समिति) की ओर से रविवार को 'भामाशाह सम्मान समारोह 2026' आयोजित किया गया। इसमें पशुपालन, गोपालन, डेयरी व देवस्थान विभाग के




कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत ने सहभागिता कर उपस्थित गौभक्तों, भामाशाहों व क्षेत्रवासियों से आत्मीय संवाद किया। इस अवसर पर उन्होंने वर्ष-1997 में स्थापित गोशाला में अब तक सहयोग देने वाले 100 भामाशाहों का स्मृति चिन्ह देकर, फूल मालाएं पहनाकर व दुप्टा ओढाकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गोपालन मंत्री जोराराम कुमावत ने गौसंवर्धन व गौसंरक्षण के महत्व पर अपने विचार साझा करते हुए सभी को भारतीय संस्कृति एवं परंपरा में गौमाता के योगदान से अवगत कराया तथा गौसेवा के लिए निरंतर आगे आने की प्रेरणा दी। साथ ही उन्होंने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार की ओर से गौसंवर्धन, गौसंरक्षण व गौशालाओं के सशक्तिकरण के लिए संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी भी प्रदान की। पशुपालन मंत्री ने कहा कि गौसेवा केवल एक कार्य नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति, आस्था व संवेदनाओं से जुड़ा पवित्र दायित्व है। उन्होंने कहा कि गौ सेवा भारतीय संस्कृति का महत्वपूर्ण और पवित्र अंग भी है, जो आध्यात्मिक उन्नति, मानसिक शांति और पुण्य प्राप्ति का माध्यम है। उन्होंने समाज के प्रत्येक नागरिक से इस पुनीत कार्य में भागीदारी करने का आह्वान किया। श्री कुमावत ने कहा कि गौ सेवा केवल धार्मिक आस्था तक सीमित नहीं है, बल्कि यह समाज और मानवता के प्रति हमारी जिम्मेदारी का प्रतीक भी है। उन्होंने कहा कि गाय को पहली रोटी खिलाना, चारा-पानी की व्यवस्था करना, घायल गायों का उपचार कराना और गौशालाओं को सहयोग देना गौ सेवा के प्रमुख रूप हैं। उन्होंने कहा कि राजस्थान सरकार गौ संरक्षण और संवर्धन के लिए प्रतिबद्ध है और इसी उद्देश्य से गोपालन विभाग का गठन किया गया है। पशुपालन व गोपालन मंत्री ने कहा कि गौशालाओं में रह रही गौमाता के संरक्षण, पोषण और देखभाल के लिए दी जा रही यह सहायता एक छोटा प्रयास है। उन्होंने क्षेत्र के लोगों से आह्वान किया कि वे गौ संरक्षण का संकल्प लें और सेवा, संस्कार व समर्पण की भावना को समाज में आगे बढ़ाएं। गौशाला के अध्यक्ष कैलाश कुमावत ने बताया कि एक लाख से अधिक की राशि का सहयोग देने वाले 21 स्वर्ण व एक लाख से कम की राशि का सहयोग देने वाले 79 सिल्वर भामाशाहों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष पूनम सिंह परमार, बाली विधायक प्रतिनिधि विक्रम सिंह राणावत, गौशाला के पूर्व संचालक रणछोड़ लाल जोशी, पूर्व अध्यक्ष भंवरलाल, भामाशाह भंवरलाल जैन, गौशाला अध्यक्ष कैलाश कुमावत सहित अनेक प्रबुद्धजन मौजूद रहे।

# धौलपुर दौरे पर यूथ कांग्रेस प्रत्याशी महेंद्र प्रताप सिंह का जोरदार स्वागत

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** राजस्थान प्रदेश यूथ कांग्रेस महासचिव पद के प्रत्याशी महेंद्र प्रताप सिंह का धौलपुर जिले के दौरे पर जगह-जगह भव्य स्वागत किया गया। राजाखेड़ा, पुरानी छावनी और धौलपुर में आयोजित स्वागत व जनसंपर्क कार्यक्रमों में युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं और समर्थकों का भारी उत्साह देखने को मिला। कार्यकर्ताओं ने माला एवं साफा पहनाकर महेंद्र प्रताप सिंह का आत्मीय अभिनंदन किया। दौरे के दौरान बड़ी संख्या में युवा साथी और कांग्रेस कार्यकर्ता कार्यक्रमों में पहुंचे तथा संगठन के प्रति अपनी निष्ठा व्यक्त की। विभिन्न स्थानों पर हुए कार्यक्रमों में युवाओं ने नारेबाजी कर संगठन को मजबूत बनाने का संकल्प भी लिया। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए महेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि युवा शक्ति कांग्रेस संगठन की सबसे बड़ी ताकत है और युवाओं के दम पर ही संगठन को नई ऊर्जा मिलती है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने, अधिक से अधिक युवाओं को कांग्रेस से जोड़ने तथा आगामी चुनावों में बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाने की




अपील की। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं का स्नेह, सम्मान और समर्थन उन्हें संगठन के लिए और अधिक जिम्मेदारी तथा समर्पण के साथ कार्य करने की प्रेरणा देता है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि युवाओं की आवाज को संगठन में मजबूती से उठाया जाएगा। इस अवसर पर प्रमुख रूप से आशीष जगरिया, जितेंद्र, बदन सिंह, राजू शर्मा, सुनील दुबे, शहंशाह, रंजीत सिकरवार, अक्षय, अभिषेक हुंडावाल, रामसेवक, अजय बिलोनिया, श्यामू पंडित, उपेंद्र, रविंद सिंह, भूरा सिकरवार और रामू यादव सहित बड़ी संख्या में युवा कांग्रेस कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# धौलपुर में श्री राष्ट्रीय राजपूत महासेना के जिला कार्यालय का उद्घाटन

जयपुर टाइम्स




**धौलपुर(निस)।** महाराणा प्रताप जयंती पर श्री राष्ट्रीय राजपूत महासेना की ओर से बाड़ी के सैंपऊ रोड स्थित नवनिर्मित जिला कार्यालय का भव्य उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में समाज के सैकड़ों लोगों ने भाग लेकर वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप को श्रद्धांजलि अर्पित की तथा समाज में एकता और संगठन मजबूती का संकल्प लिया। समारोह की शुरुआत महाराणा प्रताप के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देने के साथ हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता संगठन के संस्थापक अमित परमार (नाहरपुरा) ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में बॉबी परमार (बाड़ी) उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि धर्मेंद्र सिंह सिकरवार, प्रेम सर (टोंटरी), सतीश सिकरवार और राधेश्याम तोमर ने भी समारोह में शिरकत की। इस दौरान अतिथियों का साफा, माला पहनाकर और महाराणा प्रताप का चित्र भेंट कर भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने महाराणा प्रताप के त्याग, स्वाभिमान और राष्ट्रभक्ति के आदर्शों को अपनाने का आह्वान किया। संस्थापक अमित परमार ने कहा कि नया जिला कार्यालय संगठन की गतिविधियों का प्रमुख केंद्र बनेगा और इसके माध्यम से समाज के अंतिम व्यक्ति तक संगठन की पहुंच सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने समाज के युवाओं से एकजुट होकर सामाजिक उत्थान और संगठन विस्तार में सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की। कार्यक्रम का सफल संचालन एवं संयोजन जिला सलाहकार गजराज सिंह परमार ने किया। उन्होंने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज की एकता ही संगठन की सबसे बड़ी ताकत है। समारोह के अंत में सर्व समाज के लिए स्वल्पाहार की व्यवस्था की गई। कार्यक्रम में जय राजपुताना और महाराणा प्रताप के जयकारों से वातावरण गुंजायमान हो उठा। इस अवसर पर सह संस्थापक गिर्राज सिंह पिपरौन, बैठक निर्देशक विजय सिंह परमार, जिला उपाध्यक्ष प्रदीप सिंह तोमर, जिला सचिव विकास परमार, जिला मीडिया प्रभारी विवेक सिंह परिहार, पूर्व ब्लॉक प्रचारक हर्ष सिंह सिसोदिया, लल्लू ठाकुर, रामराज परमार, सूरज परमार, सचिन सिकरवार, करण परमार सहित बड़ी संख्या में युवा व नागरिक मौजूद रहे।

# चंबल लिफ्ट परियोजना में गड़बड़ी के आरोप, अधिकृत भूमि छोड़ दूसरी जगह बन रही डिग्गी

## निष्पक्ष जांच नहीं हुई तो आंदोलन की चेतावनी

जयपुर टाइम्स




**धौलपुर(निस)।** जिले की बहुचर्चित चंबल लिफ्ट परियोजना एक बार फिर विवादों में घिर गई है। भैंसेना का पूरा गांव में डिग्गी निर्माण को लेकर ग्रामीणों ने गंभीर अनियमितताओं के आरोप लगाए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि जिस भूमि पर डिग्गी निर्माण की स्वीकृति है, वहां निर्माण नहीं कराकर दूसरी जगह निर्माण कार्य कराया जा रहा है। मामले को लेकर ग्रामीणों में भारी आक्रोश है और उन्होंने निष्पक्ष जांच की मांग उठाई है। ग्रामीणों के अनुसार डिग्गी निर्माण के लिए खसरा नंबर 996/117 की भूमि सिंचाई विभाग के नाम दर्ज बताई जा रही है, लेकिन मौके पर निर्माण कार्य खसरा नंबर 997/117 में कराया जा रहा है। आरोप है कि ठेकेदार और सिंचाई विभाग के सहायक अभियंता की मिलीभगत से यह पूरा खेल किया जा रहा है। ग्रामीणों ने पूरे मामले की शिकायत उपखंड अधिकारी को सौंपते हुए जांच की मांग की है। उनका कहना है कि यदि सरकारी स्वीकृति प्राप्त भूमि को छोड़कर किसी अन्य स्थान पर निर्माण कराया जा रहा है तो यह नियमों का खुला उल्लंघन और सरकारी संसाधनों के दुरुपयोग का गंभीर मामला है। ग्रामीणों का दावा है कि संबंधित नक्शों और भू-अभिलेखों में डिग्गी निर्माण के लिए अलग स्थान दर्शाया गया है, जबकि मौके पर निर्माण किसी अन्य खसरे में हो रहा है। ऐसे में विभागीय अधिकारियों की भूमिका भी सवालों के घेरे में आ गई है।

### उठ रहे कई बड़े सवाल:

मामले के सामने आने के बाद क्षेत्र में कई सवाल चर्चा का विषय बने हुए हैं। क्या सरकारी स्वीकृति के विपरीत निर्माण कराया जा सकता है? क्या विभागीय अधिकारी ठेकेदार को लाभ पहुंचाने में जुटे हैं? आखिर अधिकृत भूमि छोड़ दूसरी जगह निर्माण क्यों कराया जा रहा है? क्या बिना उच्चस्तरीय संरक्षण के यह संभव है? ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं की गई तो आंदोलन किया जाएगा। वहीं पूरे प्रकरण को लेकर सिंचाई विभाग की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े होने लगे हैं।

# सुमेरपुर में प्रतिभाओं का महासम्मान, 154 मेधावियों को किया सम्मानित




जयपुर टाइम्स

**सुमेरपुर(निस)।** सुमेरपुर-शिवगंज क्षेत्र शिक्षा और प्रतिभा के सबसे बड़े उत्सव का गवाह बना। श्री गोडवाड़ सेवा समिति की ओर से आयोजित भव्य प्रतिभा सम्मान समारोह में 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षाओं में 90 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल करने वाले 154 मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान किया गया। समारोह में जैसे-जैसे प्रतिभाओं के नाम पुकारे गए, पूरा सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। पशुपालन, गोपालन, डेयरी एवं देवस्थान विभाग के कैबिनेट मंत्री एवं स्थानीय विधायक जोराराम कुमावत ने प्रतिभावान विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र, मेडल और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। मंच पर सम्मान पाकर विद्यार्थियों के चेहरों पर आत्मविश्वास झलक उठा, वहीं अभिभावकों की आंखों में खुशी और गर्व साफ दिखाई दिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री कुमावत ने कहा कि 'आज गांवों और छोटे कस्बों के बच्चे अपनी मेहनत और प्रतिभा के दम पर बड़े शहरों को चुनौती दे रहे हैं। आने वाला समय इन्हीं युवाओं का है।' उन्होंने विद्यार्थियों से शिक्षा को अपनी सबसे बड़ी ताकत बनाने और समाज व राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया। मंत्री ने कहा कि प्रतिभा किसी सुविधा की मोहताज नहीं होती। सीमित संसाधनों के बावजूद क्षेत्र के युवाओं ने जिस तरह सफलता हासिल की है, वह पूरे गोडवाड़ क्षेत्र के लिए गौरव की बात है। उन्होंने आयोजकों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन युवाओं में नई ऊर्जा और प्रतिस्पर्धा का भाव पैदा करते हैं। समारोह केवल सम्मान तक सीमित नहीं रहा, बल्कि संस्कृति और संस्कारों का संगम भी बना। स्थानीय विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने राजस्थानी लोक संस्कृति पर आधारित रंगारंग प्रस्तुतियां देकर समां बांध दिया। लोक नृत्य, देशभक्ति गीत और सामाजिक संदेशों से जुड़े नाटकों ने दर्शकों को देर तक बांधे रखा। कार्यक्रम में नवचयनित आईएएस जयदीप गहलोत, नवचयनित सीजेएस सरिया सोनी और नवचयनित आरएएस हार्दिक अग्रवाल विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। विद्यार्थियों ने उनसे प्रेरणा लेकर भविष्य में बड़ी उपलब्धियां हासिल करने का संकल्प लिया। समारोह में समाजसेवी तखतसिंह राठौड़, सांसद प्रतिनिधि अनोप सिंह राठौड़, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष फूलाराम सुथार, जिला उपाध्यक्ष पूनम सिंह परमार, सेवानिवृत्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश हुकमसिंह राजपुरोहित सहित बड़ी संख्या में शिक्षक, अभिभावक, सामाजिक कार्यकर्ता एवं ग्रामीण मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में आयोजन समिति अध्यक्ष सुमेर सिंह पोमावा ने सभी अतिथियों, प्रतिभाओं और अभिभावकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि क्षेत्र की प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने का यह अभियान लगातार जारी रहेगा।

# ग्रामीण विकास रथ पहुंचा बनीपार्क, योजनाओं की दी जानकारी

जयपुर टाइम्स

**विराटनगर(निस)।** राज्य सरकार की ओर से संचालित ग्रामीण विकास रथ रविवार को विराटनगर क्षेत्र की ग्राम बनीपार्क पहुंचा। इस दौरान एलईडी स्क्रीन के माध्यम से ग्रामीणों को राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई, ताकि अधिक से अधिक लोग योजनाओं से जुड़कर लाभ प्राप्त कर सकें। जहां पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने विकास रथ का भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों ने ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं की पात्रता, आवेदन प्रक्रिया व लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।इस अवसर पर सरपंच प्रतिनिधि रामेश्वर यादव, अतिरिक्त विकास अधिकारी मूलचंद मीना, प्रगति प्रसार अधिकारी मुकेश रैगर, ग्राम



विकास अधिकारी विष्णु कुमार मीणा, कनिष्ठ सहायक महेंद्र कुमार रैगर, सुनील कुमार,पूजा कुमारी, सुमन देवी, ओमा देवी, शकुंतला यादव, भगवती देवी, मनीष यादव, बलवीर बुनकर, बनवारी लाल, भगवान सहाय, सचिन योगी, अजय वर्मा, अजय, विकास, नितेश, महेश, सुनील व जेपी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# पोयणा की हनुमान गली बनी 'डेथ जोन': 7 दिन पहले चेताया, फिर भी नहीं जागा बिजली विभाग

जयपुर टाइम्स

**सुमेरपुर(निस)।** पाली जिले के निकटवर्ती पोयणा गांव की हनुमान गली इन दिनों ग्रामीणों के लिए रास्ता नहीं, बल्कि 'डेथ जोन' बन चुकी है। गली में कई दिनों से झूल रहे बिजली के तार खुलेआम मौत को दावत दे रहे हैं, लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों की संवेदनहीनता ने पूरे सिस्टम पर सवाल खड़े कर दिए हैं। ग्रामीणों के अनुसार इस गंभीर समस्या को लेकर करीब 7 दिन पहले ही विद्युत विभाग के अधिकारियों को अवगत करा दिया गया था, लेकिन आज तक न तो मौके पर कोई कर्मचारी पहुंचा और न ही कोई सुधार कार्य हुआ। आलम यह है कि अब ग्रामीणों में डर के साथ भारी गुस्सा भी देखने को मिल रहा है। हनुमान गली में सिंगल फेस बिजली लाइन कई जगह से टूटकर नीचे लटक रही है। तार इतने नीचे आ चुके हैं कि बाइक, जीप और पैदल गुजरने वाले लोग कभी भी करंट की चपेट में आ सकते हैं। तेज गर्मी के बीच अब मानसून की पहली हवाओं और हल्की बारिश ने खतरे को और भयावह बना दिया है। ग्रामीणों का कहना है कि 'अब यहां हर कदम मौत के साये में उठ रहा है।' पूरी गली में तार झूलते हुए दिखाई दे रहे हैं, इस समस्या को लेकर ग्रामीणों ने कई बार विभाग को अवगत कराया तथा मीडिया ने भी इस मामले को उठाया गया लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

कुछ दिन पूर्व गांव में निकली डीजे शोभायात्रा के दौरान झूलते तारों और ऊंचे डीजे वाहन के बीच बेहद कम दूरी रह गई थी। उस समय ग्रामीणों की सूझबूझ से बड़ा हादसा टल गया, लेकिन इसके बावजूद विद्युत विभाग ने कोई गंभीरता नहीं दिखाई। अब हालात ऐसे हैं कि गली में रहने वाले परिवार दिन-रात भय के माहौल में जी रहे हैं। बच्चों और बुजुर्गों को घर से बाहर निकलने में भी डर लग रहा है।

### फोन तक नहीं उठा रहे अधिकारी:

ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि कई बार शिकायत करने के बावजूद डिस्कॉम अधिकारी फोन तक नहीं उठा रहे। न तो निरीक्षण हुआ और न ही तारों को दुरुस्त करने की कोई कार्रवाई। इससे ग्रामीणों में भारी नाराजगी है। ग्रामीणों का कहना है कि क्या विभाग किसी बड़े हादसे के बाद ही जागेगा? अगर किसी मासूम की जान चली गई तो जिम्मेदार कौन होगा? '

### बारिश और तेज हवा ने बढ़ाया खतरा:

गांववासियों का कहना है कि बारिश और तेज हवा के दौरान झूलते तार और नीचे आ जाते हैं। ऐसे में करंट फैलने या तार टूटकर गिरने की आशंका लगातार बनी हुई है। पूरी हनुमान गली अब 'हाई रिस्क करंट जोन' में बदल चुकी है। स्थिति इतनी गंभीर हो चुकी है कि लोग अब इसे महज लापरवाही नहीं, बल्कि प्रशासनिक विफलता मान रहे हैं। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो जिला स्तर पर बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

### जनहित चेतावनी:

ग्रामीणों ने स्पष्ट कहा है कि यदि समय रहते झूलते बिजली तारों को ठीक नहीं किया गया और कोई हादसा हुआ, तो उसकी पूरी जिम्मेदारी विद्युत विभाग और संबंधित अधिकारियों की होगी। 'पोयणा पूछ रहा है– प्रशासन अभी जागेगा या फिर किसी की जान जाने के बाद? '

शेखावाटी जयपुर टाइम्स

जयपुर, सोमवार
11 मई, 2026

# एएसपी सतपालसिंह ने संभाला कार्यभार

जयपुर टाइम्स



**सुजानगढ़(नि.सं.)।** सुजानगढ़ के नए एएसपी सतपालसिंह ने अपने पर का कार्यभार संभाल लिया है। एएसपी कार्यालय पहुंचकर सतपालसिंह ने ज्वाईन किया। इस अवसर पर एएसपी सतपालसिंह ने कहा कि अपराध व नशे पर अंकुश लगाना मेरी पहली प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि सर्किल में बेहतर पुलिसिंग व्यवस्था के लिए हम जनता से प्रतिबद्धता जाहिर करते हैं। साथ ही महिलाओं, बच्चों के खिलाफ बढ़ रहे अपराधों, साइबर अपराधों से निपटने को लेकर प्राथमिकता दी जाएगी।

# भारतीय मानव विकास संस्थान ने किया 551 प्रतिभाओं को किया सम्मानित




जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** शहर के बाबू शोभाचन्द जम्मड़ भवन में रविवार को भारतीय मानव विकास संस्थान की ओर से प्रति वर्ष की तरह इस वर्ष भी प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। प्रतिभा सम्मान समारोह में चूरू जिले की प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। बोर्ड की कक्षा 10वीं, 12वीं में 80 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री राजकुमार रिणवां, उदासर धाम के महंत दयानाथ जी महाराज, डॉ प्रिया शेखावत, भंवरलाल जेसनसरिया, सत्यनारायण स्वामी, मुरलीधर सैनी आदि शामिल थे। मुख्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलन के साथ समारोह का शुभारंभ किया। इस अवसर पर संस्थान के प्रदेश सचिव प्रशांत स्वामी ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आगामी सम्मान समारोह प्रदेश स्तर पर आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर प्रदीप प्रजापत, विक्रम सैनी, राजेश सोलंकी, सुखराम सारण, परमेश्वर चौधरी, मनीषा शर्मा, भावना प्रजापत, संदीप चारण, मोहन सिंह सहित अनेक लोग व कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन रेखा निर्वाण ने किया।

# वीपीएल करियर इंस्टीट्यूट में 'तैयारी जीत की' कार्यक्रम आयोजित

## जिला कलेक्टर डॉ. अरुण गर्ग ने विद्यार्थियों को लक्ष्य तय कर अनुशासित अध्ययन का दिया संदेश



जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निस)।** स्थानीय गणपति नगर स्थित वीपीएल करियर इंस्टीट्यूट में रविवार को 'तैयारी जीत की - सफलता की ओर कदम' विषय पर करियर मार्गदर्शन कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को नीट और जेईई की तैयारी, परीक्षा रणनीति तथा काउंसलिंग प्रक्रिया के माध्यम से सही कॉलेज चयन की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला कलेक्टर डॉ. अरुण गर्ग, डॉ. कैलाश राहड़, डॉ. प्रियंका बुडानिया, डॉ. दुष्यंत बसेरा एवं सुमित गुप्ता द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। जिला कलेक्टर डॉ. अरुण गर्ग ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि स्पष्ट लक्ष्य, अनुशासित अध्ययन और निरंतर मेहनत सफलता की कुंजी हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को सकारात्मक सोच के साथ निरंतर प्रयास करने के लिए प्रेरित किया। विशिष्ट अतिथियों ने भी अपने अनुभव साझा करते हुए प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी से जुड़े महत्वपूर्ण सुझाव दिए। संस्था के संस्थापक इंजीनियर प्यारेलाल ढूकिया ने विद्यार्थियों को समय प्रबंधन, रणनीतिक अध्ययन और आत्मविश्वास के महत्व के बारे में बताया। संस्था के निदेशक इंजीनियर पीयूष ढूकिया ने सभी अतिथियों का साफा, शॉल, माला और स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान वीपीएल नीट एवं जेईई टीम द्वारा प्रस्तुतीकरण के माध्यम से विद्यार्थियों को तैयारी की सही दिशा, परीक्षा पैटर्न और काउंसलिंग प्रक्रिया की जानकारी दी गई। वीपीएल सेंटर हेड डॉ. शिखा सहाय ने कार्यक्रम का सार प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन जितेंद्र शर्मा एवं ऋषभ शर्मा ने किया। आयोजन में दयानंद ढूकिया, लालचंद ढूकिया, मनवे जानू, सत्यदेव दड़िया, नरेंद्र जांगिड़, अभिषेक तेतरवाल, जीआर सैनी, दिनेश कुलहरी, डॉ. मुकेश, विमला चौधरी सहित अनेक नागरिक, अभिभावक व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# पाइपलाइन योजना से आसान हुई सिंचाई, किसान को मिला राहत और बढ़ी आय

**जयपुर (निस)**मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशानुसार ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचाने के उद्देश्य से ग्राम रथ अभियान संचालित किया जा रहा है। अभियान के तहत विभिन्न विभागों की योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को दी जा रही है तथा पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ भी प्रदान किया जा रहा है। इसी क्रम में जयपुर जिले की पंचायत समिति कोटखावदा क्षेत्र की ग्राम पंचायत मंडालिया मेदा में आयोजित ग्राम रथ अभियान के दौरान किसान शिवदयाल गुर्जर पुत्र किशनलाल गुर्जर ने कृषि विभाग की पाइपलाइन योजना से मिले लाभ को साझा किया। उन्होंने बताया कि पहले खेतों में सिंचाई के लिए पर्याप्त व्यवस्था नहीं होने के कारण उन्हें काफी परेशानी का सामना करना पड़ता था ।

# सरकारी डॉक्टर के आवास पर इंजेक्शन लगते ही मरीज की मौत

## अस्पताल के बाहर धरने पर बैठे परिजन

## शव लेने से इनकार, निष्पक्ष जांच की मांग

जयपुर टाइम्स



**सरदारशहर(निस)।** शहर के राजकीय उप जिला चिकित्सालय से जुड़े एक सरकारी डॉक्टर के सरकारी आवास पर इलाज के दौरान इंजेक्शन लगने के तुरंत बाद एक मरीज की मौत हो जाने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। मृतक के परिजनों ने डॉक्टर पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाते हुए शव लेने से इनकार कर दिया और राजकीय उप जिला चिकित्सालय के बाहर धरने पर बैठ गए। मामले को लेकर अस्पताल परिसर और डॉक्टर के आवास के बाहर बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ जमा हो गई। जानकारी के अनुसार रायपुरिया निवासी 60 वर्षीय रामलाल नाई सांस संबंधी बीमारी से पीड़ित था। परिजन उसे इलाज के लिए सरदारशहर लेकर आए और राजकीय उप जिला चिकित्सालय के चिकित्सक डॉ. चंदन मोठसरा को उनके सरकारी आवास पर दिखाया। आरोप है कि डॉक्टर ने कुछ जांच लिखने के बाद वहां मौजूद एक युवक को मरीज को इंजेक्शन लगाने के निर्देश दिए। जैसे ही युवक ने इंजेक्शन लगाया, मरीज की हालत बिगड़ गई और कुछ ही क्षणों में उसकी मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि घटना के बाद डॉक्टर ने घबराकर मरीज को तुरंत राजकीय उप जिला चिकित्सालय की इमरजेंसी में ले जाने को कहा और बताया कि उनके आवास पर ऑक्सीजन की सुविधा नहीं है। परिजन मरीज को तत्काल अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन वहां डॉक्टर मौजूद नहीं मिले। मृतक के परिजनों के अनुसार उन्होंने डॉक्टर को कई बार फोन किया, लेकिन काफी देर बाद डॉक्टर अस्पताल पहुंचे और मरीज को मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने आरोप लगाया कि जब उन्होंने डॉक्टर से देरी से आने का कारण पूछा तो डॉक्टर ने कथित तौर पर कहा कि 'अब इसकी मौत हो चुकी है, जो करना है कर लो।' इस कथित बयान के बाद परिजनों में भारी आक्रोश फैल गया। घटना के बाद मृतक का शव अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया। वहीं बड़ी संख्या में लोग डॉक्टर के सरकारी आवास और अस्पताल परिसर के बाहर जमा हो गए। सूचना मिलने पर एसआई ओमप्रकाश यादव पुलिस जाब्ते के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति संभाली। राजकीय उप जिला चिकित्सालय प्रभारी डॉ. चंद्रभान जांगिड़ ने बताया कि सरकारी आवास पर इलाज के दौरान इंजेक्शन लगने के बाद मरीज की मौत हुई है। मामले की जांच की जा रही है। वहीं एसआई ओमप्रकाश यादव ने कहा कि परिजनों की ओर से लगाए गए आरोपों के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी गई है और समझाइश के प्रयास किए जा रहे हैं। मृतक के बेटे ने आरोप लगाया कि मामले में लगातार समझौते और राजीनामे का दबाव बनाया जा रहा है। परिजनों ने निष्पक्ष जांच, दोषियों के खिलाफ कार्रवाई और पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच की मांग को लेकर अस्पताल के बाहर धरना शुरू कर दिया है।

### उठ रहे कई बड़े सवाल

घटना के बाद कई सवाल खड़े हो रहे हैं। क्या किसी सरकारी डॉक्टर को अपने सरकारी आवास पर इस तरह मरीजों का इलाज करने की अनुमति है? इंजेक्शन लगाने वाला युवक कौन था? क्या उसे चिकित्सकीय प्रशिक्षण प्राप्त था? लगाया गया इंजेक्शन सही मात्रा और सही तरीके से दिया गया या नहीं? इन सवालों को लेकर क्षेत्र में चर्चा तेज हो गई है। वहीं देर शाम तक अस्पताल परिसर में तनावपूर्ण माहौल बना रहा।

# बीदासर में आईजी ओमप्रकाश ने किया डीएसपी कार्यालय निरीक्षण

## सट्टा, नशा और पुलिस व्यवहार पर खुलकर बोले सीएलजी सदस्य

जयपुर टाइम्स



**बीदासर(निस)।** कस्बे के नोखा-सीकर रोड स्थित डीएसपी कार्यालय का रविवार को आईजी ओमप्रकाश ने निरीक्षण किया। डीएसपी कार्यालय पहुंचने पर पुलिस जवानों ने उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर देकर स्वागत किया। इसके बाद पुलिस मित्रों व सीएलजी सदस्यों के साथ बैठक आयोजित की गई, जिसमें क्षेत्र की कानून व्यवस्था, पुलिस कार्यशैली और सामाजिक समस्याओं को लेकर खुलकर चर्चा हुई। बैठक में पूर्व पालिका उपाध्यक्ष जयप्रकाश बैगाणी ने कहा कि पहले पुलिस को 'मोतवी' के रूप में मजबूत सूचना तंत्र मिलता था, लेकिन वर्तमान समय में पुलिस की ओर से मुखबिरों के नाम उजागर कर देने के कारण अब ऐसे लोगों की संख्या लगभग शून्य हो गई है। वहीं पुष्पेन्द्र सिंह शेखावत ने कहा कि पुलिस 'अपराधियों में डर और आमजन में विश्वास' के ध्येय पर कार्य करती है, लेकिन आमजन के विश्वास में कहीं न कहीं कमी दिखाई दे रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ दिन पूर्व बीदासर थाने में एक युवक के साथ गलत व्यवहार कर उसे गिरफ्तार किया गया, लेकिन शिकायत के बावजूद आज तक उसे न्याय नहीं मिला। पुसाराम चौहान ने कस्बे की बिगड़ती ट्रैफिक व्यवस्था को दुरुस्त करने की मांग उठाई। वहीं एडवोकेट गोविन्द मेघवाल ने कहा कि कस्बे की दलित बस्तियों में अवैध शराब की ब्रांचें संचालित हो रही हैं तथा कस्बे में खुलेआम जुआ-सट्टा चल रहा है, लेकिन पुलिस की ओर से प्रभावी कार्रवाई नहीं की जा रही।मदन रेगर ने कहा कि कस्बे में नशे का कारोबार लगातार बढ़ रहा है। साथ ही सीएलजी सदस्यों में कई वर्षों से बदलाव नहीं होने के कारण नए और सक्रिय लोगों को मौका नहीं मिल पा रहा है। बैठक में आईजी ओमप्रकाश ने कहा कि वे यहां सिर्फ तारीफ सुनने नहीं आए हैं। लोगों ने जो कमियां बताई हैं, उनमें निश्चित रूप से सुधार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जल्द ही सीएलजी सदस्यों की नई टीम गठित की जाएगी तथा आमजन के साथ गलत व्यवहार करने वाले पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई भी की जाएगी। आईजी ने स्वीकार किया कि क्षेत्र में अभी भी सट्टा पूरी तरह बंद नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि यदि आमजन सीधे उन्हें सूचना देंगे तो संबंधित मामलों में सख्त कार्रवाई की जाएगी।इस दौरान पुलिस अधीक्षक निश्चय प्रसाद एम, एडिशनल एसपी सतपाल सिंह, डीएसपी नेमीचन्द चौधरी,थानाधिकारी दिलिप सिंह, छापर थानाधिकारी इन्द्रचन्द, साण्डवा थानाधिकारी चौथमल सहित पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय योग दिवस को लेकर तैयारियां शुरू, क्षेत्र में योग दिवस पर होंगे अनेक आयोजन

जयपुर टाइम्स



**सरदारशहर(निस)।** शहर में 12 वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों के अंतर्गत नामदेव योग क्लास, बाबू शोभाचंद जम्मड़ भवन योग समिति, शिव बाड़ी योग कक्षा सहित विभिन्न योग कक्षाओं की ओर से योग जन-जागृति अभियान चलाया गया। इसी क्रम में शांति कुटीर में रविवार को भव्य व शानदार योग शिविर का सफल आयोजन संपन्न किया गया। जिसमें 80 महिला, युवा, बच्चों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई तथा योग के माध्यम से स्वास्थ्य और जागरूकता का संदेश दिया। योग शिविर के आयोजन में सहायक योग शिक्षक मोहनलाल शर्मा, कार्यक्रम संयोजक पवन कुमार भोजक, सुरेश भोजक, संत कुमार तथा गोपाल भिवानियां सहित सभी सदस्यों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। योग शिक्षक संत कुमार कौशिक ने शिविर में विभिन्न प्रकार के योगासनों व प्राणायाम का अभ्यास करवाते हुए उनके शारीरिक, मानसिक व आध्यात्मिक महत्व के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इस कार्यक्रम में योग समिति के संरक्षक नथमल वर्मा, श्याम सुंदर शर्मा, सुभाष शर्मा, ललित जोशी, हनुमान मल सेन, भरत स्वामी, धनपत जांगिड़, मातृशक्ति में इंद्रा देवी, कविता जैन, अनिता भोजक, शशि शर्मा, मीनू शर्मा, चन्दा वर्मा, उमा देवी, कांता भोजक, आकांक्षा पारीक सहित अनेक नागरिक उपस्थित रहे। इस अवसर पर योग शिक्षक संत कुमार कौशिक, भामाशाह श्यामसुंदर झीकनाडिया, मोहनलाल शर्मा आदि का संचालक नामदेव निःशुल्क योग क्लास की ओर से दुपट्टा पहना कर स्वागत किया गया। उल्लेखनीय है कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर नामदेव निःशुल्क योग क्लाश की ओर से विशाल योग शिविर लगाया जाएगा। जिसमें सैकड़ों योग साधकों के भाग लेंगे। राष्ट्रीय योग दिवस को लेकर तैयारियां जोरों शोरों से की जा रही हैं।

## चूरू में मनाई गई किसान नेता चौधरी कुंभाराम आर्य की 112वीं जयंती

# कुंभाराम आर्य ने किसानों को शोषण से मुक्त कर दिलाया जमीन का मालिकाना हक



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** राजस्थान के प्रमुख किसान नेता व चूरू के प्रथम विधायक चौधरी कुंभाराम आर्य की 112वीं जयंती रविवार को श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। आयोजित समारोह में सर्व समाज के लोगों ने उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी तथा उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुम्भाराम आर्य किसान फाउंडेशन के जिलाध्यक्ष एडवोकेट चेतराम सहारण ने की। उन्होंने कहा कि चौधरी कुंभाराम आर्य ने किसानों को जमीन का मालिकाना हक दिलाने के लिए संघर्ष किया और जीवनभर किसान हितों की लड़ाई लड़ी। उन्होंने कहा कि फाउंडेशन किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए निरंतर कार्य करता रहेगा। पूर्व प्रधान रणजीत सातड़ा ने आर्य को पंचायत राज व्यवस्था का दूरदर्शी नेता बताते हुए कहा कि उन्होंने ग्रामीण विकास और किसान सशक्तिकरण की मजबूत नींव रखी। निवर्तमान जिला उप प्रमुख महेंद्र न्योल ने कहा कि चौधरी कुंभाराम आर्य ने जातिगत भेदभाव खत्म कर किसान वर्ग को शोषण से मुक्ति दिलाने का कार्य किया। भाजपा नेता विक्रम सिंह कोटवाद ने उन्हें राजस्थान निर्माण की मजबूत आधारशिला रखने वाला जननेता बताया। वहीं फाउंडेशन के प्रदेश उपाध्यक्ष दलीप सरावग ने कहा कि आर्य ने धर्म और जाति से ऊपर उठकर सदैव किसानों और समाज के अंतिम व्यक्ति के हितों को प्राथमिकता दी। भाजपा नेता नरेंद्र कंवल ने कहा कि चौधरी कुंभाराम आर्य ने सामाजिक समरसता को बढ़ावा देते हुए भारत के पहले दलित जिला प्रमुख श्रद्धेय रावतराम आर्य को बनवाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। जिला परिषद सदस्य सम्पत सिंह राठौड़ ने शिक्षा और महिला जागृति के क्षेत्र में उनके योगदान को याद किया। इस अवसर पर जाट कीर्ति संस्थान अध्यक्ष रघुवीर सहारण, जाट विकास संस्थान अध्यक्ष सोहन सिंह फगेड़िया, सुनील ढाका, राजकुमार पूनिया, हेमराज फगेड़िया, ओमप्रकाश रणवां, चंदगीराम दूत, यशपाल रणवां, धर्मपाल सहारण, रामनिवास भाम्बू, राजेश चौधरी, दयानंद पूनिया, निहाल सिंह लाम्बा, विनोद चौधरी, राकेश बेनीवाल, शिशुपाल बुडानिया सहित बड़ी संख्या में सर्व समाज के लोग उपस्थित रहे।

# रामकथा के समापन पर उमड़ा आस्था का सैलाब

## लंका दहन, विभीषण नीति और लक्ष्मण चरित्र की अमर सीख ने श्रद्धालुओं को किया मंत्रमुग्ध

जयपुर टाइम्स



**झुंझुनूं(निस)।** शहर के चुना चौक स्थित सिद्धेश्वर महादेव मंदिर के सामने रामलीला पार्क में आयोजित नौ दिवसीय भव्य रामकथा महोत्सव का शनिवार को श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक उल्लास के बीच भव्य समापन हुआ। कथा के नवम दिवस पर अयोध्या से पधारे प्रसिद्ध कथा व्यास महाराज धर्मदास ने भगवान श्रीराम, लंकापति रावण, विभीषण और हनुमानजी के प्रसंगों को इतने जीवंत और भावपूर्ण अंदाज में प्रस्तुत किया कि पूरा पांडाल भक्तिरस में डूब गया। कार्यक्रम संयोजक महेश बसावतिया ने बताया कि कथा के अंतिम दिन विभीषण चरित्र के माध्यम से धर्म, सत्य और नीति की विजय का संदेश दिया गया। महाराज धर्मदास ने कहा कि अन्याय और अधर्म का साथ छोड़कर सत्य का मार्ग अपनाने वाला व्यक्ति ही वास्तविक सम्मान प्राप्त करता है। विभीषण की नीति और धर्मनिष्ठा आज भी समाज के लिए प्रेरणा का स्रोत है। कथा के दौरान हनुमानजी द्वारा लंका दहन के प्रसंग का ओजपूर्ण वर्णन हुआ तो पूरा रामलीला पार्क 'जय श्रीराम' के उद्घोष से गूंज उठा। वहीं माता सीता के त्याग, तपस्या और मर्यादा का भावपूर्ण वर्णन सुन श्रद्धालुओं की आंखें नम हो गईं। महाराज ने भाई लक्ष्मण के त्याग, समर्पण और आदर्श भाईचारे की व्याख्या करते हुए कहा कि परिवार और समाज को मजबूत बनाने के लिए लक्ष्मण जैसा समर्पण और संस्कार आवश्यक हैं। समापन अवसर पर श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। पूरे आयोजन स्थल को आकर्षक रोशनी, पुष्प सज्जा और धार्मिक ध्वजों से सजाया गया था, जिससे वातावरण पूरी तरह आध्यात्मिक आभा से सराबोर नजर आया। भजनों और प्रवचनों के बीच श्रद्धालु देर रात तक भक्ति में लीन रहे। कार्यक्रम के मुख्य जजमान वशिष्ठ कुमार शर्मा रहे, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में आरआर हॉस्पिटल के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉक्टर नवीन बंसल उपस्थित रहे। इस अवसर पर शिवचरण पुरोहित, बालमुकुंद शर्मा, विनोद पुजारी, विशन जी सांखला सैनी, ममता शर्मा, गायत्री शर्मा,पूर्व सरपंच लालपुर गिरधारी लालासर, स्वामी श्याम सुंदर शर्मा, नंदलाल शर्मा, संत कुमार शर्मा अलसीसर, रामचंद्र पाटोदा तथा शीशराम बोला सहित अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। भक्ति संगीत की प्रस्तुति से माहौल को और अधिक भक्तिमय बनाने में प्रसिद्ध सिंगर पूनम शर्मा बगड़ ने विशेष भूमिका निभाई।

# ऑपरेशन सिंदूर के वीर शहीद सुरेंद्र मोगा की प्रतिमा का अनावरण, मेहरादासी में उमड़ा जनसैलाब

## शहीदों की शहादत को नमन करना हर नागरिक का धर्म और कर्तव्यः प्रेमसिंह बाजोर

जयपुर टाइम्स



**मंडावा(निस)।** देश की रक्षा करते हुए ऑपरेशन सिंदूर में वीरगति प्राप्त करने वाले वीर सार्जेंट शहीद सुरेंद्र मोगा की प्रथम पुण्यतिथि पर रविवार को मेहरादासी गांव में उनकी प्रतिमा का भव्य अनावरण समारोह आयोजित किया गया। समारोह में हजारों लोगों, पूर्व सैनिकों, वायुसेना अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने भाग लेकर शहीद को श्रद्धासुमन अर्पित किए। कार्यक्रम भाजपा जिला अध्यक्ष हर्षिनी कुलहरी की अध्यक्षता में आयोजित हुआ, जिसमें सैनिक कल्याण सलाहकार समिति के अध्यक्ष प्रेमसिंह बाजोर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों में जिला कलेक्टर डॉ. अरुण गर्ग, विधायक राजेंद्र भांबू, पूर्व सांसद संतोष अहलावत, नरेंद्र खीचड़, भाजपा नेता दिनेश धाभाई, विशंभर पूनिया, जिला सैनिक कल्याण अधिकारी अनिल पूनिया, जनरल सतपाल कटेवा, ग्रुप कैप्टन विनय भारद्वाज और ग्रुप कैप्टन प्रदीप कुमार सहित कई लोग मौजूद रहे। समारोह के दौरान शहीद सुरेंद्र मोगा की प्रतिमा का अनावरण किया गया तथा उपस्थित लोगों ने पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में देशभक्ति गीतों और भारत माता के जयघोष से वातावरण राष्ट्रभक्ति से सराबोर हो गया। मुख्य अतिथि प्रेमसिंह बाजोर ने कहा कि देश की सीमाएं जवानों के बलिदान से सुरक्षित हैं और शहीद सुरेंद्र मोगा जैसे वीर सपूतों के कारण ही देशवासी सुरक्षित जीवन जी पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि शहीदों का सम्मान करना प्रत्येक नागरिक का धर्म और कर्तव्य है। उन्होंने भावुक शब्दों में कहा कि 'मंदिर जाने से पहले यदि हम शहीद स्मारक पर जाकर वीर जवानों को नमन करें, तभी सच्चे अर्थों में उनका ऋण चुका पाएंगे।' कार्यक्रम में शहीद की वीरांगना सीमा देवी, माता नानू देवी, पुत्री वर्तिका और पुत्र दक्ष का अतिथियों द्वारा सम्मान किया गया। इस दौरान राजेश मोगा ने शहीद सुरेंद्र मोगा के जीवन और वीरता पर प्रकाश डाला। उल्लेखनीय है कि 10 मई 2025 को ऑपरेशन सिंदूर के दौरान जम्मू-कश्मीर के उधमपुर एयरफोर्स स्टेशन पर ड्यूटी निभाते समय सार्जेंट सुरेंद्र मोगा वीरगति को प्राप्त हुए थे। समारोह में सरपंच मुकेश कुमार मौजास, हरलाल सिंह मोगा, भगवान सिंह पूनिया, सुनीता कुलहरी, विद्याधर ढकरवाल, बीरबल गोदारा, रामनिवास राहड़, अजीत मोगा, नरेंद्र मोगा, दीपचंद ढाका सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण, महिलाएं और युवा मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन कवि हरीश हिंदुस्तानी और विजय हिंद जालमपुरिया ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन भगवान सिंह पूनिया ने दिया।

स्वात्वाधिकारी, कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामेश्वरलाल जाट द्वारा कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि., सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर में मुद्रित एवं सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर -302013 से प्रकाशित।
सम्पादक : नीतू चौधरी, सी-588, 4सी स्कीम, न्यू लोहा मण्डी रोड, जयपुर-302013 मो. : 7014217770, E-Mail : jaipurtimes2007@gmail.com *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार, समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर।